www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 352 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
21 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
सूर्योदयः 06:11
सूर्यास्तः 06:17
अधिकतमः 26°00
न्यूनतमः 16°00



पेज 07
विशेष समाचार सृष्टि संतुलन के लिये वनों ... >>पेज 04
राष्ट्रपति संत प्रेमानंद से मिलीं... >>पेज 06
रश्मिका मंदाना को बेस्ट ...

## राष्ट्रपति दिसानायके बोले- ईरान पर हमले के लिए हमारी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देंगे

# श्रीलंका ने अमेरिकी फाइटर जेट्स को उतरने नहीं दिया

**इनकार**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच श्रीलंका ने अमेरिका के फाइटर जेट्स को अपने यहां उतारने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शुक्रवार को संसद में बताया कि अमेरिका ने 26 फरवरी को अनुरोध किया था कि जिबूती बेस से दो मिसाइलों से लैस फाइटर जेट्स को 4 से 8 मार्च के बीच मटाला इंटर-नेशनल एयरपोर्ट पर तैनात किया जाए। उन्होंने कहा, "हमने साफ मना कर दिया। हम अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी सैन्य कार्रवाई के लिए नहीं होने देंगे।"

>> (शेष पेज 06 पर)





> पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में अपनी सख्त तटस्थता को दोहराते हुए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका को मट्टाला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने दो लड़ाकू विमान तैनात करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया

### श्रीलंका ने यूएस के फाइटर जेट्स को उतरने नहीं दिया

मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच श्रीलंका ने अमेरिका के फाइटर जेट्स को अपने यहां उतारने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शुक्रवार को संसद में बताया कि अमेरिका ने 26 फरवरी को अनुरोध किया था कि जिबूती बेस से दो मिसाइलों से लैस फाइटर जेट्स को 4 से 8 मार्च के बीच मटाला इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैनात किया जाए। उन्होंने कहा, "हमने साफ मना कर दिया। हम अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी सैन्य कार्रवाई के लिए नहीं होने देंगे।" दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अपनी तटस्थ नीति पर कायम है और किसी भी पक्ष के लिए सैन्य आधार नहीं बनेगा।

### ट्रम्प ने नाटो देशों को कायर कहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध में साथ न देने पर NATO सहयोगी देशों पर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा है कि NATO देश कायर हैं और अमेरिका के बिना यह गठबंधन सिर्फ कागजी शेर है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, "वे न्यूक्लियर ताकत वाले ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे। अब जब यह लड़ाई सैन्य रूप से जीत ली गई है, तो वे तेल की ऊंची कीमतों की शिकायत कर रहे हैं।" ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट का जिक्र करते हुए कहा कि इसे खुला रखने के लिए सैन्य मदद देना आसान है, लेकिन सहयोगी देश इसमें भी पीछे हट रहे हैं। उन्होंने कहा, "यह बहुत आसान सैन्य कदम है, जिसमें बहुत कम जोखिम है, लेकिन वे मदद नहीं करना चाहते। कायर हैं, और हम इसे याद रखेंगे।" ट्रम्प के इस बयान से साफ है कि ईरान जंग को लेकर अमेरिका और उसके NATO सहयोगियों के बीच मतभेद और गहरे हो गए हैं।

> अमेरिका और इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने बड़ी चेतावनी जारी की है। ईरान ने कहा है कि अब दुनिया में कहीं भी अमेरिका और इजराइल से जुड़े लोग सुरक्षित नहीं रहेंगे।

### इजराइल का दावा-एयरस्ट्राइक में बसीज इंटेलिजेंस चीफ की मौत

इजराइल ने दावा किया है कि उसने तेहरान में हुए एक हालिया एयरस्ट्राइक में ईरान की बसीज फोर्स के इंटेलिजेंस चीफ इस्माइल अहमदी को मार गिराया है। इजराइली सेना के मुताबिक, यह हमला तेहरान के सेंट्रल हिस्से में स्थित बसीज कमांड सेंटर पर किया गया था। सेना ने कहा कि अहमदी बसीज के इंटेलिजेंस विंग के प्रमुख थे और ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने में उनकी अहम भूमिका रही थी। हालांकि, इस पर ईरान की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### ईरान ने दक्षिणी इजराइल पर दागीं मिसाइलें

जंग के बीच ईरान ने इजराइल पर एक बार फिर बड़ा हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक, ईरान ने दक्षिणी इजराइल की ओर मिसाइलों की नई खेप दागी है।

सेना ने बताया कि एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिए गए हैं और मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने की कोशिश जारी है। इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले के बाद दक्षिणी इलाकों में सायरन बजने की चेतावनी जारी की गई है और लोगों को सुरक्षित स्थानों (शेल्टर) में जाने के लिए कहा गया है।

### ब्रिटेन के न्यूक्लियर सबमरीन बेस में घुसने की कोशिश, 2 गिरफ्तार

ब्रिटेन के स्कॉटलैंड में न्यूक्लियर सबमरीन बेस में घुसने की कोशिश के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों में 34 साल का एक पुरुष और 31 साल की एक महिला शामिल हैं। हालांकि, उनकी वे किस देश के हैं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। यह बेस स्कॉटलैंड के पश्चिमी तट पर स्थित है और यहां ब्रिटेन के परमाणु हथियारों से लैस सबमरीन तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों संदिग्धों को उस समय पकड़ा गया, जब वे बेस में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। >> (शेष पेज 06 पर)



इजराइल की एक सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर तोप ने शुक्रवार को लेबनान के दक्षिणी हिस्से की ओर गोले दागे।

### चेक गणराज्य में इजराइल से जुड़ी हथियार फैक्ट्री पर हमला

यूरोप में इजराइल से जुड़ी एक बड़ी सैन्य फैक्ट्री पर हमला हुआ है। चेक गणराज्य में इजराइली हथियार कंपनी एल्बिट सिस्टम्स से जुड़ी एक यूनिट में आग लगा दी गई, जिससे कई इमारतें जलकर नष्ट हो गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तड़के किया गया और एक अंडरग्राउंड समूह ने इसकी जिम्मेदारी ली है। खुद को 'अर्थक्वेक फैक्शन' बताने वाले इस समूह ने कहा कि यह साइट यूरोप में इजराइल के सबसे बड़े हथियार निर्माता के ऑपरेशन का अहम हिस्सा थी। वहीं, चेक पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इसे संभावित आतंकी घटना मानकर जांच की जा रही है। >> (शेष पेज 06 पर)

## ममता का ऐलान : एससी और एसटी महिलाओं को हर महीने 1700 देंगे

### बेरोजगारों को सालाना 18 हजार का वादा

**घोषणा पत्र**

तमसा संकेत, एजेंसी



- बाकी को 1500 मिलेंगे
- टीएमसी घोषणापत्र में पक्के घर

नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम/गुवाहाटी/कोलकाता/चेन्नई । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। ममता ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिलने वाली सहायता राशि 500-500 रुपए बढ़ाने का वादा किया है।

मेनिफेस्टो को मुताबिक, अगर ममता की सरकार बनी तो बंगाल में जनरल कैटेगरी की महिलाओं को हर महीने 1500 मिलेंगे। अभी बंगाल सरकार जनरल कैटेगरी की महिलाओं को 1000 हर महीने देती है। वहीं SC/ST महिलाओं को 1700 प्रति माह दिया जाएगा। अभी SC/ST महिलाओं को 1200 रुपए मिलते हैं। इसके अलावा ममता ने बेरोजगार युवाओं को 1500 प्रति माह देने का ऐलान किया है। हर परिवार को पक्का घर और हर घर में नल से पीने का साफ पानी पहुंचाने का वादा किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## लिपुलेख दर्रे से 6 साल बाद शुरू होगा भारत-चीन ट्रेड

### 2019 में गलवान झड़प के बाद बंद हुआ था

**तैयारी**

तमसा संकेत, एजेंसी



- लिपुलेख दर्रा औपचारिक व्यापारिक मार्ग

नई दिल्ली । उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच बॉर्डर ट्रेड छह साल बाद फिर से शुरू होने जा रहा है। यह ट्रेड सेशन आमतौर पर जून से सितंबर तक चलता है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट आशीष भटगाई ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी होने के बाद यह प्रक्रिया आगे बढ़ी है। लिपुलेख दर्रे के जरिए तिब्बत के साथ बॉर्डर ट्रेड लंबे अंतराल के बाद 1992 में फिर शुरू हुआ था। हालांकि 2019 में COVID-19 महामारी और गलवान झड़प के कारण इसे बंद कर दिया गया था। पिछले साल 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान भारत-चीन ने रुपए और युआन में ट्रेड करने का फैसला किया था।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### शरजील इमाम तिहाड़ से बाहर आया

नई दिल्ली । दिल्ली दंगा (2020) मामले में आरोपी शरजील इमाम शुक्रवार दोपहर दिल्ली की तिहाड़ जेल से बाहर आए। 9 मार्च को दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने शरजील को बीमार मां से मिलने और भाई की शादी में शामिल होने के लिए 20 मार्च से 30 मार्च की अंतरिम जमानत मंजूर की थी।

**शांति सफलता**

### भागवत बोले- युद्ध स्वार्थ और वर्चस्व की चाहत का नतीजा

नागपुर । RSS प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की असली वजह स्वार्थ और वर्चस्व की चाहत है। स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म को मानने से ही हासिल की जा सकती है।

भागवत नागपुर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- पिछले 2,000 साल से दुनिया ने संघर्षों को सुलझाने के लिए कई प्रयोग किए हैं, लेकिन उन्हें बहुत कम सफलता मिली है।

### अवकाश की सूचना

**21 मार्च ईद-उल-फितर के अवसर पर 'तमसा संकेत' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।**

**21 मार्च, 2026 यानी शनिवार को तमसा संकेत कार्यालय व प्रेस बंद रहेगा।**
**अतः अगला अंक 23 मार्च, 2026 सोमवार को प्रकाशित होगा।**

**-संपादक**

## सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

### इनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म भी शामिल

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी




- ऑनलाइन गेमिंग मार्केट में 86% रेवेन्यू रियल मनी फॉर्मेट से थी

नई दिल्ली । सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है। सरकार का दावा है कि यह कदम डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### गुजरात में गैस की किल्लत, प्रवासी मजदूर गांव लौट रहे

सूरत । देश में एलपीजी गैस कि कमी से चलते गुजरात से अब प्रवासी मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है। सूरत के रेलवे स्टेशनों पर बिहार और यूपी लौटने वाले लोगों की लाइनें लगी हैं।

दरअसल, रसोई गैस की कमी के चलते राज्य में रेस्टोरेंट-ढाबा और दूसरे खाने-पीने के स्टॉल चलाने वालों का रोजगार ठप होने लगा है। इनके अलावा यूपी-बिहार के हजारों स्टूडेंट्स भी अपने घर लौट रहे हैं।

वहीं, घरेलू सिलेंडर के रेट 5 हजार पहुंच गए हैं। फ्लैट में चूल्हा जलाने पर मनाही है। ऐसे में हम लोगों के सामने भूखा मरने की नौबत आ गई है। टेक्सटाइल और डायमंड हब होने के चलते सूरत शहर में यूपी-बिहार में लाखों की संख्या में श्रमिक रहते हैं। ये लोग रोज कमाकर खाने वाले हैं और छोटे किराये के कमरों में रहते हैं।

## सैन्य ठिकानों की बनाते थे वीडियो, ऐसे मिलते थे 500 से लेकर 5000 रुपये

# यूपी-बिहार से पकड़े गए देश के नौ गद्दार

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित कौशांबी में जासूसी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। एसआईटी की टीम ने 20 मार्च को नौ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी एक पाकिस्तानी व्यक्ति के लिए देश की जासूसी कर रहे थे।

गिरफ्तार किए गए लोगों में मेरठ के परतापुर का गणेश, बिहार के पूर्णिया जिला स्थित ओली टोला निवासी विवेक, मेरठ के शास्त्री नगर का गगन कुमार शामिल हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### सैन्य ठिकानों की बनाते थे शॉर्ट वीडियो



नाबालिग आरोपी शॉर्ट वीडियो बनाने का बहाना बनाकर सैन्य ठिकानों की फोटो-वीडियो भेजते थे। वे इन महत्वपूर्ण ठिकानों की लोकेशन भी पाकिस्तान भेज रहे थे। लोकेशन साझा करने के लिए अलग-अलग ऐप का इस्तेमाल किया जाता था। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ने इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी है।

### भुगतान का तरीका

जासूसी के बदले आरोपियों को 500 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का भुगतान किया जाता था। यह राशि उन्हें अलग-अलग किस्तों में मिलती थी। आरोपी जन सेवा केंद्रों पर इंटरनेट के माध्यम से भुगतान कराते थे। वहां से वे नकद रुपये प्राप्त करते थे। इस तरीके से वे अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करते थे।

## अलर्ट : 4 जगह ओले गिरे, काशी में धूल भरी आंधी, बिजली गिरने से 5 की मौत


# यूपी के 25 जिलों में बारिश

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/प्रयागराज/वाराणसी/मथुरा । यूपी में शुक्रवार को मौसम बिगड़ गया। लखनऊ में सुबह 10 बजे अचानक अंधेरा छा गया। तेज हवा के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। अयोध्या, बाराबंकी, सीतापुर और सिद्धार्थनगर में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे।

इससे पहले प्रयागराज और मथुरा में तेज बारिश हुई। धूलभरी आंधी चली। कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। स्कूली बच्चे और दफ्तर के लिए निकले लोग रेनकोट और छातों के साथ नजर आए। कानपुर, नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ समेत 25 से ज्यादा जिलों में रुक-रुक कर बारिश हुई। काशी में आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। घाटों पर दुकान लगाने वाले लोग सामान समेटकर लौट गए। वहीं, प्रयागराज, बलरामपुर, बहराइच और मिर्जापुर में आकाशीय बिजली गिरने से 3 किसानों समेत 5 की मौत हो गई। कई जगह गेहूं की खड़ी फसलें गिर गईं। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश से सरसों और आलू की फसल भी खराब हो सकती है।

>> (शेष पेज 06 पर)



गोंडा में बारिश से एक बीघा पत्तागोभी के खेत में पानी भर गया।

### सीतापुर में अचानक मौसम बदला, बूंदाबांदी के बीच ओले गिरे

सीतापुर में मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर महमूदाबाद कस्बे में दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली है। बूंदाबांदी के हल्की ओलावृष्टि भी दिखाई दी। अचानक बदले मौसम के मिजाज से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली है। सुबह से बादलों की आवाजाही से मौसम खुशनुमा बना हुआ है, जबकि तेज हवाओं ने मौसम को सर्द बना रखा है।



प्रयागराज के ग्रामीण इलाकों में भी झमाझम बारिश हुई। लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना दिख रही है। 2 दिन बाद इसका असर कम होने लगेगा। पिछले 24 घंटे में मथुरा में सबसे तेज 87 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हवा की रफ्तार नोएडा में 59 किमी, आगरा और बुलंदशहर में 57 किमी/घंटा दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश बागपत और बुलंदशहर में करीब 6 मिमी. रिकॉर्ड हुई।

## एअर इंडिया ने गलत मॉडल का प्लेन भेजा, वापस लाना पड़ा

### 300+ पैसेंजर लेकर कनाडा के लिए उड़ा था

**चूक**

तमसा संकेत, एजेंसी




- कनाडा में एअर इंडिया के सिर्फ बोइंग ईआर विमान को एंट्री

नई दिल्ली । एअर इंडिया की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट AI-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। विमान में 300 से ज्यादा यात्री मौजूद थे।

दरअसल, एअर इंडिया ने गुरुवार को दिल्ली से कनाडा के लिए बोइंग 777-300 ER की जगह बोइंग 777-200 LR मॉडल का विमान भेज दिया। एअर इंडिया के पास बोइंग 777-200 LR को कनाडा में ऑपरेट करने की इजाजत ही नहीं है। इस वजह से यह विमान कनाडा में उतर ही नहीं सकता था। गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद विमान को यू-टर्न लेना पड़ा। फ्लाइट ने गुरुवार सुबह 11:34 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी और शाम 7:19 बजे वापस दिल्ली लैंड किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

# जहर खाकर मां बेटे ने जान दी, पिता गंभीर

## जेब में मिला सुसाइड नोट, घर के बाहर 5 पेज का नोटिस चिपका था

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में एक ही परिवार के तीन लोगों ने जहर खा लिया। मां और बेटे की मौत हो गई। पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को बेटे की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है- ' हम लोग आत्महत्या कर रहे हैं। इससे परिवार से कोई मतलब नहीं है। हम अपने आप तीन लोग आत्महत्या कर रहे हैं।'

मृतकों की पहचान तारावती (52) और संदीप (30) के रूप में हुई है। रूपनारायण (55) अस्पताल में भर्ती हैं। परिवार चाय-समोसा की दुकान और पान की गुमटी चलाकर अपना गुजारा करता था। घटना के वक्त छोटा बेटा कुलदीप भी घर में ही था। घटना बंथरा क्षेत्र के नींवा गांव की है।

कुलदीप ने बताया- घर में हम



संदीप (बेटा)
तारावती (मां)

चार लोग रहते थे। बहनों रूचि और ज्योति की शादी हो चुकी है। मैंने गुरुवार रात खाने में तहरी बनाई थी। दुकान बढ़ाकर जब मम्मी-पापा और भाई घर आए, तो खाने के लिए पूछा। लेकिन, तीनों ने कहा कि वे बाहर से खाकर आए हैं। फिर तीनों कमरे में सोने चले गए। मैं बरामदे में ही सो गया। उसने आगे बताया कि शुक्रवार तड़के कुछ आवाज सुनकर नींद खुल गई। उठा तो पिता को उल्टियां करते देखा। अंदर गया तो मां और भाई बेसुध पड़े थे। मुंह से झाग निकल रहा था। चिल्लाकर चाचा को बुलाया। सभी को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स मां और भाई को मृत घोषित कर दिया।

### चाचा ने प्रधान के जरिए से पुलिस को सूचना दी

रूपनारायण के छोटे भाई जगत चौरसिया ने बताया- हम भाइयों के घर अगल-बगल ही हैं। कुलदीप ने मुझे बुलाया। मैं पहुंचा तो भाई रूपनारायण उल्टियां कर रहे थे। प्रधान को फोन किया। पुलिस को उनके माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने घर के बाहर चिपके नोटिस के बारे में पूछे जाने पर बताया- भैया-भाभी के किसी भी तरह के लोन की जानकारी नहीं है। इस बारे में कभी बात नहीं हुई। दो लोग हमेशा इनके घर आते थे, यह बात पता है।

### पड़ोसी बोले- बेटे के एक्सिडेंट के वक्त कर्ज लिया होगा

पड़ोसियों के मुताबिक, 5 साल पहले बड़े बेटे संदीप का एक्सीडेंट हुआ था। उसमें 3 लाख रुपए से ज्यादा खर्च हुआ था। गांववालों के अनुसार, परिवार पर कुछ कर्ज था। 10-12 दिन पहले लोन रिकवरी के लिए कुछ लोग परिवार से मिलने आए थे। एक पड़ोसी ने बताया कि रिकवरी वाले का फोन नहीं उठाने पर वे पहुंचे थे। हालांकि, अधिकारिक रूप से अभी लोन की बात स्पष्ट नहीं है।

### जहर क्यों खाया पुलिस जांच कर रही : एसीपी

एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने कहा दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एक व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा। शुरुआती जांच में जहर खाकर आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन उन्होंने जहर क्यों खाया, इसको लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।



परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोग और पड़ोसी उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं।

**रूपनारायण के घर के बाहर 5 पेज का एक नोटिस लगा हुआ है। सारे पेज फाड़ दिए गए हैं। नोटिस पर एक कॉर्नर पर सिक्योरिटी ऑफिसर लिखा है और मुंबई का एड्रेस है।**

# काली पट्टी बांधकर अदा की गई अलविदा की नमाज

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में आज अलविदा (रमजान का आखिरी जुमा) की नमाज अदा की गई। अलविदा की नमाज शहर की सभी मस्जिदों में हुई। इरान-इजराइल के बीच चल रहे जंग के विरोध में बड़ा इमामबाड़ा में हाथ में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी गई। ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में मौलाना खालिद रशीद की इमामत में नमाज अदा की गई।

बता दें कि पिछले शुक्रवार को भी अलविदा की नमाज पढ़ी गई थी, लेकिन 19 मार्च को चांद न दिखने की वजह से आज, 20 मार्च को ईद नहीं मनाई गई। आज फिर से अलविदा की नमाज अदा की गई। टीले वाली मस्जिद पर नमाज को लेकर खास तैयारी की गई। मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान ने बताया कि यहां 370 सालों से अलविदा की नमाज अदा की जा रही है। मौलाना खालिद



- लखनऊ में बारिश से बचने के लिए नमाजियों ने तानी पन्नी, बोले- सादगी से मनाएंगे ईद

रशीद ने कहा कि अलविदा जुमा हमको यह एहसास करवाता है कि हमारे बीच से रमजान जा रहा है।

यह आखिरी जुमा बेहद खास होता है हम सभी लोगों को इस खास दिन पर ज्यादा से ज्यादा दुआएं करना चाहिए। विशेष रूप से देश में अमन और शांति के लिए दुआ करनी चाहिए। मौलाना ने कहा कि रमजान के अंतिम दिनों में जरूरतमंद लोगों तक हमें पहुंचना चाहिए।

फास्ट न्यूज

### 'अवंती बाई लोधी की जीवनी सबको पढ़नी चाहिए'

लखनऊ । वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आज शुक्रवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। तेज बारिश और हवाओं के बीच भाजपा मुख्यालय के पास स्थित कैपिटल चौराहे पर अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पूर्व विधायक के घर टोटी चुराते पकड़ाया युवक

लखनऊ । लखनऊ के गोमती-नगर इलाके में मंगलवार रात समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी के घर में घुसकर टोटियां काट रहे युवक को नौकर ने रंगे हाथ पकड़ लिया। शोर मचाने पर आरोपी भागने लगा लेकिन आसपास के लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। गोमतीनगर पुलिस ने बताया कि अयोध्या के रुदौली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी का विकासखंड स्थित मकान है, जिसकी देखरेख अशरफ करते हैं। अशरफ ने बताया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे उन्हें मकान के अंदर से खटपट की आवाज सुनाई दी।

### नवरात्र में कुट्टू-सिंघाड़ा आटे से सावधान

लखनऊ । चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही लखनऊ में खाद्य सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को व्रत के दौरान इस्तेमाल होने वाले कुट्टू, सिंघाड़ा और अन्य फलाहारी खाद्य पदार्थों को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है और व्यापारियों को साफ चेतावनी दी है कि लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# केंद्र सरकार के समयबद्ध निर्णय से प्रदेश के आलू किसानों की फसल हुई सुरक्षित

## अमोनिया गैस संकट के त्वरित समाधान पर शीतगृह संचालक संघ ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के शीतगृह संचालक संघ ने अमोनिया गैस संकट के त्वरित समाधान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस उपलक्ष्य में शीतगृह संचालक संघ के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर नवरात्रि के पावन अवसर पर उन्हें मां भगवती की प्रतिमा भेंट की। संचालकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री श्री जेपी नड्डा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए यह भेंट उद्यान मंत्री को सौंपी और केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना की। इस अवसर पर शीतगृह संचालक संघ के पदाधिकारियों ने प्रार्थना की कि नवरात्रि के पावन पर्व पर मां भगवती प्रधानमंत्री जी को और अधिक शक्ति प्रदान करें, जिससे वे



राष्ट्र और किसान हित में निरंतर कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रभावी हस्तक्षेप ने प्रदेश के करोड़ों किसानों की आजीविका को एक बड़े संकट से उबार लिया है, जो श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि विगत दिनों अमोनिया गैस की आपूर्ति बाधित होने से शीतगृहों की कूलिंग पर संकट मंडरा रहा था। आलू जैसी शीघ्र खराब होने वाली फसल के लिए निर्बाध गैस आपूर्ति अनिवार्य है, अन्यथा नुकसान सुनिश्चित था। केंद्र सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मात्र 2 दिन के भीतर उर्वरक कंपनियों को निर्देश जारी कर आपूर्ति सुचारू करा दी। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अमोनिया गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होना प्रधानमंत्री की किसानों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार अंतिम पायदान पर खड़े किसानों और शीतगृह संचालकों की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर है। शीतगृह संचालक संघ की उपाध्यक्ष तृप्ति सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने इस निर्णय से सरकार के प्रति किसानों का विश्वास सुदृढ़ होने की बात कही।

## इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विभिन्न विभागों ने 9 वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं

# 'नवनिर्माण के नव वर्ष' पर लखनऊ में भव्य कार्यक्रम





- लाभार्थियों को वितरित हुई योजनाओं की सौगात
- खिलाड़ियों व युवाओं को मिला प्रोत्साहन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के 'नवनिर्माण के नव वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक डीआरडीए द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान युवा कल्याण विभाग, श्रम विभाग, सेवायोजन



विभाग, कौशल विकास विभाग एवं खेल विभाग ने संयुक्त रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों ने पिछले 9 वर्षों में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही मौके पर ही लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। युवा कल्याण विभाग की ओर से खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई, जबकि खेल विभाग ने खिलाड़ियों को हॉकी किट उपलब्ध कराई। कौशल विकास विभाग द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र दिए गए और श्रम विभाग ने लाभार्थियों को योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने अपने संबोधन में सरकार के 'नव वर्ष' के दौरान किए गए विकास कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विजन को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं भी दीं।

## डॉ. दर्शन कुमार बाजाज, डॉ. सरस्वती, डॉ. ज्योति, डॉ ऋचा एवं डॉ. अर्पिता वर्मा सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे

# तपेदिक पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**आईएमए लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (RMLIMS), लखनऊ में पल्मोनरी एवं एक्स्ट्रा-पल्मोनरी तपेदिक (टीबी) पर आधारित एक दिवसीय RTPMU स्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम RTPMU लखनऊ एवं पल्मोनरी मेडिसिन विभाग, RMLIMS द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें स्टेट टीबी सेल, उत्तर प्रदेश, UP स्टेट टास्क फोर्स (NTEP) एवं HLF-PPT का सहयोग रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों के फैकल्टी एवं निजी चिकित्सकों को टीबी के नवीनतम निदान, उपचार और प्रबंधन से

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) सूर्यकांत (विभागाध्यक्ष, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, KGMU) ने की। आयोजन में प्रो. (डॉ.) अजय कुमार वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. दर्शन कुमार बाजाज, डॉ. सरस्वती, डॉ. ज्योति, डॉ ऋचा एवं डॉ. अर्पिता वर्मा सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



अपडेट करना था, ताकि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) को और मजबूती मिल सके। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) सी.एम. सिंह, निदेशक, RMLIMS एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व निदेशक, VPCI, नई दिल्ली एवं उपाध्यक्ष, नेशनल टास्क फोर्स (NTEP) ने अपने संबोधन में टीबी के शीघ्र निदान, प्रभावी उपचार और जनभा-गीदारी की अहम भूमिका पर जोर दिया।

वैज्ञानिक सत्रों में टीबी के आधुनिक निदान, सैंपल कलेक्शन, ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी प्रबंधन, रेडियोलॉजी, पीडियाट्रिक एवं एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी और क्रिटिकल केयर जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं फैकल्टी ने सक्रिय भागीदारी की और इंटरएक्टिव सत्रों से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं वैलेडिक्टरी सत्र के साथ हुआ। IMA लखनऊ की मानद सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर पूरे सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# अखिलेश यादव के नेतृत्व में बढ़ा सपा का कुनबा

## कई संगठनों ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन

- भारतीय जागृति मिशन और चौहान एकता महासभा के पदाधिकारियों ने सदस्यता लेकर 2027 में सपा सरकार बनाने का लिया संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । राजधानी लखनऊ स्थित 9, विक्रमादित्य मार्ग पर आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भेंट कर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने पार्टी की नीतियों और नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सपा को और मजबूत करने का संकल्प लिया। भारतीय जागृति मिशन के



राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम साहू, राष्ट्रीय सचिव के.टी. तिवारी, शशिकांत गांधी, पुल्ली गुप्ता, संस्थापक सुरेश गुप्ता (दिल्ली), राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील गुप्ता और अमेठी के जिलाध्यक्ष सज्जन कुमार पाठक सहित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. चिन्ताराम साहू ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा।

इसके साथ ही चौहान एकता महासभा के संयोजक राजकुमार चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश चौहान, अरुण कुमार वर्मा (एडवोकेट एवं लीगल एडवाइजर) और अमरजीत समेत कई पदाधिकारियों ने भी सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर सभी नव-शामिल पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि वे अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी को मजबूती देंगे और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से कार्य करेंगे।

**विरोध : छाती पीट-पीटकर रोईं, बोलीं- मर गया, कैसे घर चलाएं, सरकार के खिलाफ नारेबाजी की**

# सपा की महिला कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की अर्थी निकाली

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे? हमको छोड़ कर चले गए अब हम कैसे रहेंगे? अब हम क्या करेंगे? सिलेंडर के मरने के बाद हम कैसे जीएंगे? कुछ इस अंदाज में समाजवादी पार्टी की महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर की अर्थी निकालकर प्रदर्शन किया। मौजूदा सरकार का विरोध जताया और कहा कि जबसे बीजेपी सरकार आई है तबसे हर चीज के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है।

लखनऊ के कैसरबाग में सपा के मुख्यालय पर शुक्रवार को महिलाओं ने गैस सिलेंडर की किल्लत और महंगाई को लेकर अनोखा प्रदर्शन



किया। इस दौरान सिलेंडर पर कफन (सफेद चादर) ओढ़ाकर रोईं और मौजूदा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

गैस सिलेंडर की अर्थी रखकर महिलाएं छाती पीट पीट कर रोने लगी। रोती हुई महिलाएं बोली हाय मेरा सिलेंडर मर गया अब यह किसी काम का नहीं रहा। प्रदर्श-नकारी महिलाएं हाथ में पोस्टर लेकर आईं जिसपर लिखा था 'महंगी गैस महंगा तेल मोदी योगी दोनों फेल'। सपा कार्यालय से निकलती हुई महिलाओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारा लगाया 'मोदी तेरे सरकार में कटोरा हाथ में'। समाजवादी महिला सभा की नगर अध्यक्ष मुन्नी पाल सिलेंडर को पकड़ कर रोती रहीं। उनका कहना है कि मौजूदा सरकार किसी काम की नहीं रही। पहले आधार कार्ड, फिर नोटबंदी और अब गैस सिलेंडर जैसे मुद्दों से आम लोगों को लगातार परेशान किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी महिला पूजा यादव ने कहा कि महंगाई से पूरी जनता परेशान है।



### सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

सड़कों पर उतरी महिला सभा की महिला कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी पर लोगों को घंटों लाइन में लग कर सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, फिर भी उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को हो रही है, क्योंकि घर में खाना बनाने की जिम्मेदारी उनके ऊपर ही होती है। इस दौरान महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने हाथ में बर्तन और खाली सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### 'अब सिलेंडर किसी का काम का नहीं रहा'

पूजा यादव का कहना है कि- सिलेंडर अब किसी काम का नहीं रह गया है, जैसे किसी इंसान का मौत हो जाती अंत हो जाता है, वैसे ही अब सिलेंडर का अंत हो गया है और यह भी बेकार हो गया है। अब हालात ऐसे हैं कि लोग ठीक से खाना भी नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब भाजपा सरकार को जाना चाहिए। जनता के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। वही सपा प्रदेश सचिव मनीषा बोलीं - गैस सिलेंडर की अर्थी उठाकर विरोध जताया जा रहा है। इसके बाद वाराणसी जाकर गंगा स्नान करेंगे।

# धर्मेंद्र सिंह अध्यक्ष सुजीत कुमार आर्य महामंत्री निर्वाचित

## सचिवालय सत्कार सेवा कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक चुनाव में कई पदाधिकारी हुए निर्वाचित

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक आम चुनाव 2026 महासंघ कार्यालय जवाहर भवन लखनऊ में हुआ संपन्न।

सुशील कुमार बच्चा चुनाव अधिकारी डी के मिश्रा सहायक चुनाव अधिकारी देख रेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर चुनाव हुआ और साथ ही सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए चुनाव अधिकारी सुशील कुमार बच्चा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। नवनिर्वाचित पदाधि-कारियों में अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह महामंत्री सुजीत कुमार आर्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कमल दास उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह कण्डारी कोषाध्यक्ष विमल कुमार वर्मा संयुक्त मंत्री सलमान खान व सुरेश



कुमार संगठन मंत्री अरुण कुमार निगम व पान सिंह बिष्ट प्रचार मंत्री राम संजीवन व मोहम्मद आशिक व कार्यकारिणी सदस्यों में सुधीर गुप्ता विम्मी बाजपेई सिद्दीकी अकबर उदय सिंह रावत व मदन सिंह बिष्ट हुए निर्वाचित। चुनाव कार्यक्रम में मुख्य रूप से जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे उपाध्यक्ष आकिल सईद बब्लू ने अभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अम्बेडकरनगर में योजनाओं की जानकारी, किसानों से आवेदन भी लिए गए

# नव निर्माण के 9 वर्ष

## प्रदर्शनी

## कलेक्ट्रेट में तीसरे दिन कृषि व पशुपालन पर फोकस

बृजेन्द्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । उत्तर प्रदेश सरकार के "नव निर्माण के 9 वर्ष" पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के तीसरे दिन कृषि और पशुपालन विभाग केंद्र में रहे। शनिवार को विभिन्न विभागों ने मिलकर विचार गोष्ठी, संवाद सम्मेलन और प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और आम लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना रहा। इस दौरान पात्र लाभार्थियों से आवेदन भी लिए गए, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके।

गोष्ठी में उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी और जिला गन्ना अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने पिछले 9 वर्षों में कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में हुए कार्यों और उपलब्धियों को साझा किया।अधिकारियों ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र, पांती के वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

**जिला उद्यान अधिकारी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के बारे में विस्तार से बताया। इन योजनाओं से किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है और उनकी जीवनशैली में सुधार आया है।**

इसमें उन्नत बीज, सिंचाई के नए तरीके और लागत कम करने के उपाय शामिल रहे।वैज्ञानिकों ने बताया कि नई तकनीकों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाया जा सकता है और खर्च घटाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लिया और योजनाओं को समझा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को सरल और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया।अधिकारियों ने किसानों और अन्य लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



### पीएम किसान योजना से किसानों को बड़ा लाभ

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि वर्ष 2019 से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 4,61,169 किसानों को लाभ मिला है। अब तक उनके बैंक खातों में 1372 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जा चुकी है।इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और खेती में निवेश बढ़ा है।

# त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क

# शांति व्यवस्था के लिए तैयारियां पूरी

## ईद-उल-फितर और चैत्र रामनवमी पर विशेष नजर

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की।

बैठक में त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि 20 मार्च को अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-फितर 21 मार्च को चांद दिखने पर मनाई जाएगी। वहीं 26 मार्च को चैत्र रामनवमी पर 17 जुलूस और 12 मेलों का आयोजन प्रस्तावित है।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे जिले को 5 जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। साथ ही 7 विशेष मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, चिकित्सा सेवाएं और बिजली आपूर्ति को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। नमाज स्थलों और जुलूस मार्गों का पहले से निरीक्षण करने को कहा गया।इसके साथ ही विद्युत तारों की ऊंचाई सही रखने और आवारा पशुओं को नियंत्रित करने पर भी जोर दिया गया। पुलिस को सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कोई नई परंपरा शुरू नहीं होगी। सभी आयोजन पहले से तय परंपराओं के अनुसार ही होंगे।

## फास्ट न्यूज

### जहांगीरगंज बैंक में एटीएम कार्ड बदलकर 75 हजार रुपये की ठगी

अम्बेडकरनगर । जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में यूनियन बैंक की शाखा में एक उपभोक्ता के साथ एटीएम कार्ड बदलकर 75 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोटिया अशरफपुर निवासी इंद्राज यादव इस धोखाधड़ी के शिकार हुए। बैंक की सीसीटीवी फुटेज में ठगी करने वाले युवक की तस्वीर कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ने में जुटी है।

### ईओ विशाल सारस्वत को मिला बीडीओ अकबरपुर का अतिरिक्त प्रभार

अम्बेडकरनगर । प्रशासनिक स्तर पर अहम बदलाव किया गया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विशाल सारस्वत को खंड विकास अधिकारी अकबरपुर का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी की ओर से आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। विशाल सारस्वत अब अपने मूल पद के साथ-साथ अकबरपुर ब्लॉक के विकास कार्यों की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इससे दोनों विभागों के बीच समन्वय बेहतर होने की उम्मीद है।

### अलविदा जुमे की नमाज

अंबेडकरनगर। रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुमे के अवसर पर जिले भर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। भोर में सहरी के बाद फज्र की नमाज के साथ ही इबादत का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने दोपहर में जुमे की नमाज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और कुरान की तिलावत के साथ दुआ में समय बिताया। अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और किछौछा क्षेत्र की मस्जिदों में रोजेदारों ने देश की तरक्की, कौमी एकता और वैश्विक शांति की कामना की।

# टांडा में नव संवत्सर 2083 का भव्य स्वागत

## मां सरयू की 21,551 दीपों से महा आरती

तमसा संकेत, संवाददाता



**बासंतिक नवरात्र के प्रथम दिवस पर दुग्धाभिषेक और विधिवत पूजन कार्यक्रम आयोजित**

अम्बेडकरनगर । टांडा में बासंतिक नवरात्र के प्रथम दिवस पर नव संवत्सर 2083 विक्रमी के स्वागत में भव्य आयोजन किया गया। नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति टांडा के तत्वावधान में पुण्य सलिला मां सरयू में 21,551 दीपों से महा आरती, दुग्धाभिषेक और पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर शाम 5:30 बजे से नाव पर स्थापित मंच पर ज्योतिषाचार्य पुरोहित पंडित राकेश मिश्रा ने यजमान दंपतियों अंशुल अग्रवाल, सरदार त्रिलोक सिंह और दिनेश नारायण सिंह के संकल्प कराकर विधि विधान से पूजन कराया। दुग्धाभिषेक और चुनरी अर्पित की गई। वैदिक मंत्रों और मंगलाचरण के सस्वर वाचन से माहौल भक्तिमय और अलौकिक हो गया। टांडा नगर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बालक-बालिकाएं उपस्थित हुए। उन्होंने घरों से सजाकर लाई गई आरती से मां सरयू की आरती में भाग लिया। गोधूलि बेला में दीपों से महा आरती का दृश्य नयनाभिराम और अलौकिक प्रतीत हुआ। शंखनाद और घंटाघड़ियाल की ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने दीपदान और महा आरती में भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन का आयोजन

## महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर, कार्यक्रम में व्यापक सहभागिता

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर । जलालपुर ब्लॉक में जन शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मालीपुर स्थित इंडिया मैरिज हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महिला थाना थानाध्यक्ष ज्योति वर्मा, नारी संघ अध्यक्ष किस्मती और माया ग्राम प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सचिव पुष्पा पाल ने इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का वैश्विक विषय ₹अधिकार, न्याय और कार्रवाईः सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए₹ बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को वास्तविक जीवन में लागू करना और न्याय तक उनकी पहुंच मजबूत करना इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य है। इस वर्ष की थीम ₹Give to Gain₹ महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए संसाधन, मार्गदर्शन और समय के सहयोग पर जोर देती है।

डॉ. दयाराम गौतम ने कहा कि ₹पढ़ी-लिखी नारी घर की उजियारी₹ तभी संभव है जब सभी बेटियों को शिक्षा और समान अवसर मिलें। महिला थाना जलालपुर की ज्योति वर्मा ने महिलाओं को चेताया कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने हेल्पलाइन 1090 से संपर्क करने की जानकारी भी दी।

नारी संघ अध्यक्ष कृष्णमती और संगठन की अन्य अगुवा बहनों ने अपने अनुभव साझा किए और महिलाओं को संगठित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। वीडियो प्रस्तुति में जलालपुर दिनेश राम ने स्वरोज़गार और उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

# आधिकारिक केंद्र नहीं, कबाड़ी खुलेआम काट रहे पुराने वाहन

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । वाहन स्क्रैपिंग नीति का प्रभाव जमीन पर नजर नहीं आ रहा है। जिले में अब तक एक भी पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र स्थापित नहीं हो सका है। इसके चलते पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की कटाई अवैध तरीके से हो रही है।

केंद्र और प्रदेश सरकार के निर्देशों के बावजूद यहां कबाड़ी सड़क किनारे ही पुराने वाहन खरीदकर काट रहे हैं। वाहन मालिकों से कम कीमत पर गाड़ियां लेकर उनके पाट्र्स बेचे जा रहे हैं।

अवैध कटाई के दौरान बैटरी, इंजन ऑयल और अन्य हानिकारक सामग्री खुले में फेंकी जा रही है। इससे मिट्टी, पानी और हवा प्रदूषित हो रही है।

वैध प्रक्रिया न होने के कारण वाहन मालिकों को स्क्रैप सर्टिफिकेट नहीं मिल रहा है। आरसी निरस्त नहीं हो पा रही है, जिससे कानूनी दिक्कतें बढ़ रही हैं।

अकबरपुर, बसखरी, रामनगर सहित कई इलाकों में कबाड़ी सक्रिय हैं। ये खुलेआम पुराने वाहन खरीदने का प्रचार कर रहे हैं।

महरुआ क्षेत्र में हाल ही में पुलिस ने एक चोरी के ट्रक के पाट्र्स काटते हुए कबाड़ी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा टांडा और मालीपुर रोड पर भी अवैध कटान के मामले सामने आए हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि उन्हें वैध स्क्रैपिंग के लिए दूसरे जिलों जाना पड़ता है। इससे समय और खर्च बढ़ता है। मजबूरी में वे स्थानीय कबाड़ियों को वाहन बेच देते हैं।

# सारंगपुर ग्राम पंचायत: प्रधान पद की जिम्मेदारी में बदलाव

## कृष्ण प्रताप को मिला बहुमत, डीएम ने जारी किया नया आदेश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । कटेहरी विकासखंड की ग्राम पंचायत सारंगपुर में प्रधान पद के दायित्वों में बदलाव किया गया है। जिला प्रशासन ने पहले जारी आदेश को निरस्त करते हुए ग्राम पंचायत सदस्य कृष्ण प्रताप को नई जिम्मेदारी सौंपी है।

ग्राम पंचायत सारंगपुर के प्रधान केशवराम का 28 दिसंबर 2025 को निधन हो गया था। इसके बाद पंचायत के कार्यों के संचालन के लिए अस्थायी व्यवस्था लागू की गई थी। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कटेहरी की ओर से निर्वाचित सदस्यों की सूची प्रशासन को उपलब्ध कराई गई थी। इसके आधार पर उप्र पंचायतराज अधिनियम के तहत सदस्य सुधा पांडेय को प्रधान पद के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए अधिकृत किया गया था। यह आदेश 6 मार्च को जारी हुआ था।

बाद में ग्राम पंचायत के कई सदस्यों ने इस व्यवस्था को लेकर शिकायत और सहमति पत्र प्रशासन को सौंपा। इसके बाद 17 मार्च को पंचायत सदस्यों की बैठक कराई गई।

बैठक में प्रधान पद के दायित्व के लिए समर्थन की स्थिति स्पष्ट की गई। इसमें कृष्ण प्रताप को कुल नौ सदस्यों का समर्थन मिला, जो सबसे अधिक रहा। समर्थन के आधार पर डीएम अनुपम शुक्ला ने पहले जारी आदेश को निरस्त कर दिया। नए आदेश में कृष्ण प्रताप को ग्राम पंचायत प्रधान के दायित्वों और अधिकारों के निर्वहन के लिए अधिकृत किया गया है।

जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश अधिकतम छह माह तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा, यदि इससे पहले उपनिर्वाचन के माध्यम से नए प्रधान का चुनाव हो जाता है, तो आदेश स्वतः समाप्त हो जाएगा।

## समारोह : देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय मुकाबले शुरू

# राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का आगाज

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय में राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की बड़ी भागीदारी रही।मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम पांडे और विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

**अतिथियों ने कहा कि खेल में सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और टीम भावना जरूरी है। खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।उन्होंने बताया कि हॉकी जैसे खेल से शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक मजबूती भी बढ़ती है।**

पहले दिन कुल चार मुकाबले खेले गए। अधिकांश मैच एकतरफा रहे और टीमों ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने मेरठ को 2-0 से हराया। दूसरे मैच में अयोध्या हॉस्टल ने वाराणसी को 10-0 से मात दी।तीसरे मुकाबले में लखनऊ ने भदोही को 5-0 से हराया। चौथे मैच में बीबीएस कॉलेज गोरखपुर ने सहारनपुर को 28-0 के बड़े अंतर से पराजित किया। उद्घाटन के दिन खिलाड़ियों में खास उत्साह देखने को मिला। कोच और खेल प्रेमी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आने वाले दिनों में और भी प्रतिस्पर्धी मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। प्रतियोगिता राज्य की महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दे रही है।



### प्रतियोगिता की रूपरेखा और आयोजन

जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने प्रतियोगिता की रूपरेखा और आगामी मैचों की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और खेल के नियमों पर प्रकाश डाला।यह प्रतियोगिता खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित हो रही है। इसका संचालन जिला खेल कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता पांच दिनों तक चलेगी।

# डीएम की समीक्षा बैठक, जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# गर्मी से पहले बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी तेज

## बैठक

बृजेन्द्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर में आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट में विद्युत विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझाव, स्वीकृत कार्यों की प्रगति और विभागीय योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपायों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गर्मी के मौसम में बेहतर और लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से काम करें।इस दौरान एमएलसी हरिओम पांडेय, सांसद लालजी वर्मा, विधायक अकबरपुर रामअचल राजभर, विधायक टांडा राम मूर्ति वर्मा, प्रतिनिधि विधायक कटेहरी व प्रतिनिधि विधायक जलालपुर सहित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत उपस्थित रहे।

### लंबित कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने सांसद और विधायक निधि से चल रहे कार्यों की विधानसभावार समीक्षा की। अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि सभी लंबित कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरे किए जाएं। मुख्य अभियंता ने जानकारी दी कि शेष कार्य मार्च के अंत तक पूरे कर लिए जाएंगे। डीएम ने निर्देश दिया कि पूर्ण कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए और उनका उद्घाटन कराया जाए। साथ ही कार्यस्थलों पर सूचना पट्ट लगाने को कहा गया।

### आरडीएसएस योजना में तेजी

आरडीएसएस योजना के तहत एबी केबल से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 1608 किमी के लक्ष्य के सापेक्ष 1607 किमी कार्य पूरा हो चुका है। डीएम ने निर्देश दिया कि पूर्ण कार्यों का विवरण भी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए।

**बैठक में ऐसे मजरों पर विशेष ध्यान दिया गया जहां अब तक बिजली सुविधा नहीं पहुंची है। डीएम ने शून्य से पांच और पांच से अधिक घरों वाले सभी मजरों का विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

**इसके अलावा आबादी के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को शिफ्ट करने के प्रस्तावों पर भी गंभीरता से कार्रवाई करने को कहा गया।**


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अयोध्या अम्बेडकरनगर वृत्त, लो०नि०वि०, अयोध्या

पत्रांक 1585/1 कॉम अयो० अम्बे0वृ0/26 दिनांक-12.03.2026

### ई-निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अयो०अम्बे०वृ०, लोक निर्माण विभाग अयोध्या में भवन वर्ग में रजिस्ट्र्ड एवं अनुमोदित ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आनलाईन निविदा आमंत्रित करते है।

| क्र०सं० | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि लागत रू० (लाख में) | कार्य को पूर्ण करने का समय | निविदा प्रपत्र मूल्य जी०एस०टी० सहित (रू० में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | अम्बेडकर नगर | नगर पालिका परिषद, टाण्डा, अम्बेडकरनगर में विसर्जन स्थल राज घाट पर सीढ़ी का निर्माण। | 40.00 | 4.00 | 06 Month | 2714/- | शा0सं0-28/2023/1556/तेइस-7-2023-76सा/2006 दि0 05.12.2023 के अनुसार | अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर | अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अम्बे0 वृ0, लो0नि0वि0, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी गयी दरें जी०एस०टी० को छोड़ते हुए लगायी गयी है।
2. निविदा ऑनलाइन दिनांक 23.03.2026 से दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 30.03.2026 को 12.30 बजें खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
3. शासनादेश संख्या 1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
4. निविदा सम्बन्धी अधिक जानकारी वेड साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांक कर ली गयी है। जो सही है।

UP. 248628 Dt. 19/03/2026
www.up.gov.nic.in

(इं० सौरभ सिंह)
अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, अम्बेडकरनगर

(इं० ओ०पी० वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता अयो०अ०वृ०, लो०नि०वि० अयोध्या

# सृष्टि संतुलन के लिये वनों की पुकार सुननी होगी



21 मार्च को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस केवल एक प्रतीकात्मक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती की ओर संकेत करने वाला अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2012 में इस दिवस की घोषणा इस उद्देश्य से की गई थी कि विश्व समुदाय वनों के महत्व को समझे, उनके संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करे और प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़े। आज जब पृथ्वी अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकटों से जूझ रही है, तब इस दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। वर्ष 2026 की थीम "वन और भोजन" यह स्पष्ट करती है कि वन केवल हरित आच्छादन नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के मूल स्तंभ हैं। वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। इन परिस्थितियों में वन एक ऐसे प्राकृतिक तंत्र के रूप में सामने आते हैं, जो पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करते हैं, जल चक्र को संतुलित रखते हैं और मृदा अपरदन को रोकते हैं। इसके बावजूद, विडंबना यह है कि मानव अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं और आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में वनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है। यही कारण है कि आज वन महोत्सव जैसे आयोजनों की आवश्यकता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक जागरण के रूप में महसूस की जा रही है। वनों की उपयोगिता का दायरा केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। 2026 में प्रस्तावित "वनों और अर्थव्यवस्था" थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। लघु वनोपज, औषधीय पौधे, रेजिन, गोंद, शहद और बांस जैसे उत्पाद न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही, इको-टूरिज्म के माध्यम से भी रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इस प्रकार वन एक ऐसे आर्थिक संसाधन के रूप में सामने आते हैं, जो विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। वनों का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। विशेष रूप से स्वदेशी और आदिवासी समुदायों के लिए वन जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी परंपराएँ, आस्थाएँ और जीवनशैली वनों से ही संचालित होती हैं। वन उनके लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार हैं। इसी कारण, वन संरक्षण केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण का भी विषय है। वन महोत्सव जैसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर इस साझा जिम्मेदारी का बोध कराते हैं कि वनों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। भारत के संदर्भ में वनों का महत्व और भी अधिक व्यापक और बहुआयामी है। यहाँ वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं। भारतीय परंपरा में वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पीपल, वट और नीम जैसे वृक्ष केवल जैविक इकाइयाँ नहीं, बल्कि जीवनदायी शक्ति के रूप में पूजे जाते हैं। भारत की समृद्ध जैव विविधता वनों पर ही निर्भर है, और इसका संरक्षण देश की पारिस्थितिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। वन देश की जलवायु को संतुलित रखने, वर्षा चक्र को नियंत्रित करने और कृषि उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में वनों की उपयोगिता का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे ग्रामीण और आदिवासी जीवन की आधारशिला हैं। देश के लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर हैं। भोजन, ईंधन, चारा और औषधीय आवश्यकताओं की पूर्ति वनों के माध्यम से होती है। इसके अतिरिक्त, वन जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे नदियों और जल स्रोतों का अस्तित्व बना रहता है। आज जब देश के कई हिस्सों में जल संकट गहराता जा रहा है, तब वन संरक्षण की आवश्यकता और भी अधिक स्पष्ट हो जाती है। वर्तमान शासनकाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन संरक्षण और हरित विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। "हरित भारत मिशन" के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य देश के वन क्षेत्र को बढ़ाना और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना है। "नमामि गंगे" परियोजना के माध्यम से नदियों के किनारे वृक्षारोपण कर जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही, कैम्पा फंड के प्रभावी उपयोग से वन पुनर्स्थापन और संरक्षण कार्यों को गति मिली है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भी हरित आवरण बढ़ाने के लिए मियावाकी पद्धति को प्रोत्साहित किया है, जिससे छोटे-छोटे स्थानों में घने वन विकसित किए जा रहे हैं। इन पहलों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ लेकर चलने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार की नीतियाँ यह दर्शाती हैं कि यदि सही दृष्टिकोण अपनाया जाए, तो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। हालांकि, यह भी आवश्यक है कि इन प्रयासों में जनसहभागिता को और अधिक बढ़ाया जाए, क्योंकि वनों की सुरक्षा केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही सुनिश्चित की जा सकती है। अंततः वन महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस हमें यह संदेश देते हैं कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही मानव सभ्यता की स्थिरता का आधार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम वनों को केवल संसाधन के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग मानें। जब तक यह दृष्टिकोण विकसित नहीं होगा, तब तक पर्यावरणीय संकटों का समाधान संभव नहीं है।

**ललित गर्ग**

> यदि हम सचमुच अपने भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो हमें वनों की रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। यही वन महोत्सव की वास्तविक सार्थकता है और यही अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का मूल संदेश भी।

## सम्पादकीय

### एचडीएफसी चेयरमैन का इस्तीफा चिंताजनक




पूरी दुनिया में इस समय ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के छेड़े गए युद्ध के कारण आर्थिक संकट कायम हो गया है। तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा पड़ने का असर तमाम क्षेत्रों में पड़ रहा है। ये युद्ध कब और कैसे रुकेगा और जो नुकसान दुनिया को हो रहा है, उसकी भरपाई कैसे होगी, इन कठिन सवालों से बाकी देशों के साथ भारत भी जूझ रहा है। लेकिन इस बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में एक और घबराहट भरी हलचल देखने मिली। जिसकी वजह से एक दिन में एचडीएफसी को शेयर बाजार में एक लाख करोड़ रूपए का घाटा उठाना पड़ा है। इतना बड़ा घाटा भले ही कंपनी के नाम दर्ज है, मगर इसका भुगतान आखिरकार बैंक के खाताधारकों को ही किसी न किसी तरह से करना पड़ेगा। दरअसल देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार देर रात बोर्ड से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बैंक के अंदर कुछ घटनाओं को अपने व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप न बताते हुए इस्तीफा दिया। यह महज एक शीर्ष पदाधिकारी का पद छोड़ने जैसी सामान्य घटना नहीं है। बल्कि इसमें असली सवाल नैतिकता और भरोसे का है। अतनु चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा है कि, 'पिछले दो वर्षों में बैंक के अंदर जो कुछ घटनाएं और चलन मैंने देखा है, वे मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। यही मेरे इस फैसले का आधार है।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 'मेरे इस्तीफे का कोई अन्य सामग्री कारण नहीं है, सिवाय ऊपर बताए गए के। उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में बैंक के अंदर ऐसी घटनाएं हुई है, जो तौर तरीके अपनाए गए, वो उनसे सहमत नहीं हैं। उन्होंने बैंक के कॉरपोरेट गवर्नेंस पर सवाल उठाते हुए पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस आकस्मिक इस्तीफे और उसमें बताए कारणों ने निवेशकों का भरोसा हिला दिया, और इसका नतीजा ये रहा कि बैंक के शेयर 8 प्रतिशत तक टूट गए। स्थिति इतनी बिगड़ी की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को तुरंत दखल देना पड़ा। आरबीआई ने साफ किया कि बैंक की वित्तीय स्थिति मजबूत है, गवर्नेंस में कोई बड़ी चिंता नहीं है। वहीं बैंक मैनेजमेंट ने तुरंत कदम उठाते हुए केकी मिस्त्री को अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। मिस्त्री ने भी पद संभालते ही बयान जारी किया और कहा कि बैंक के अंदर किसी तरह का शक्तिसंघर्ष नहीं है। अब शुक्रवार को एचडीएफसी के शेयर संभलते हैं या नहीं, ये देखना होगा। लेकिन गुरुवार को जो गिरावट आई है, वह कोविड के बाद एचडीएफसी के स्टॉक में दूसरी बड़ी गिरावट कही जा रही है। शेयर गिरने के चलते बैंक के मार्केट कैप में एक लाख करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट आई है। अतनु चक्रवर्ती ने इस्तीफे में ये तो बताया है कि बैंक के भीतर कुछ ऐसा चल रहा है, जो उन्हें नागवार गुजरा, लेकिन खुलकर फिलहाल उन्होंने किसी गड़बड़ी की तरफ इशारा नहीं किया है। ऐसे में आरबीआई को अब और ज्यादा सतर्क रहते हुए पूरे मामले को समझने और तह तक पहुंचने की जरूरत है। दरअसल इस इस्तीफे के बाद आरबीआई ने कहा है कि 'एचडीएफसी बैंक डोमेस्टिक सिस्टमैटिकली इंपॉर्टेंट बैंक (ष्ठ-स्ङ्घक्च) है जिसकी वित्तीय स्थिति मजबूत है। इसका प्रोफेशनल बोर्ड है और योग्य मैनेजमेंट टीम है। हमारे पीरियोडिकल एसेसमेंट के आधार पर बैंक के संचालन या गवर्नेंस को लेकर ऑन रिकॉर्ड किसी तरह की चिंता नहीं है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और पर्याप्त लिक्विडिटी के साथ बैंक की आर्थिक स्थिति संतोषप्रद है।' आरबीआई ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक आगे एचडीएफसी बैंक के बोर्ड और मैनेजमेंट से संपर्क बनाए रखेगा। लेकिन क्या इस बयान के बाद निवेशकों का भरोसा बैंक पर वापस बनेगा और क्या इस बैंक के लाखों-करोड़ों ग्राहकों के मन में उठ रही शंकाएं दूर हो जाएंगी। क्योंकि बैंकों से पैसे लूटकर देश से भागने या फिर बैंकों के खुद को दिवालिया घोषित कर ग्राहकों की जमापूंजी हड़पने की कई घटनाओं के बाद इस देश का आम आदमी खुद को दूध का जला महसूस करने लगा है। इसलिए बैंकिंग क्षेत्र में जरा सी गड़बड़ी की आशंका उसे याद दिलाती है कि अब छाछ भी फूंक-फूंक कर पीना है। शेयर बाजार में गिरावट छाछ फूंकने जैसी ही है। पाठकों की जानकारी के लिए बता दें कि 1985 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी अतनु चक्रवर्ती सेवानिवृत्ति के बाद मई 2021 में एचडीएफसी बैंक बोर्ड में शामिल हुए थे। उनके कार्यकाल के दौरान ही एचडीएफसी बैंक का एचडीएफसी के साथ विलय हुआ था, जिससे यह संपत्ति के आधार पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बना। एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के बीच विलय करीब 40 अरब डॉलर का है।

## जन सुराज का...

**सौरभ वार्ष्णेय**

# नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार किस ओर

बिहार की राजनीति एक बार फिर नए मोड़ पर खड़ी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सीट फतह कर चुके हैं. अब ऐसे में बिहार की राजनीति किस ओर करबट ले रही है, साफ साफ दिख रहा है । भाजपा की कही बात सिद्ध होने जा रही है कि भाजपा का मुख्यमंत्री होना चाहिए। अब स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि राज्य की बागडोर अब किसके हाथों में सौंपी जाएगी। यह केवल नेतृत्व परिवर्तन का प्रश्न नहीं बल्कि शासन की निरंतरता, विकास की गति और राजनीतिक संतुलन का भी विषय है। वहीं क्या पर्ची निकाली जायेगी जैसा कि भाजपा नेतृत्व पहले भी कई राज्यों में विधायकों में से किसी एक की पर्ची निकालकर राजतिलक कर चुका है हालांकि गठबंधन के बाद भाजपा के लिए आसान नहीं रहेगा। अब अगर नीतीश कुमार की पार्टी की बात करें तो सबसे पहले, जेडीयू के भीतर नेतृत्व की तलाश तेज होगी। पार्टी में कई चेहरे हैं लेकिन अनुभव, स्वीकार्यता और प्रशासनिक समझ के आधार पर ही अंतिम निर्णय होगा। साथ ही, सहयोगी दलों की भूमिका भी अहम हो जाएगी क्योंकि बिहार की सरकार गठबंधन की राजनीति पर टिकी है। ऐसे में सहमति से नेता का चयन करना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया हो सकती है। दूसरी ओर,



विपक्ष भी इस मौके को भुनाने की कोशिश करेगा। तेजस्वी के नेतृत्व में विपक्ष सरकार पर दबाव बनाने और अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने का प्रयास करेगा। यदि सत्तारूढ़ गठबंधन में किसी प्रकार की असहमति या नेतृत्व को लेकर भ्रम की स्थिति बनती है तो विपक्ष इसे जनता के बीच एक मुद्दा बना सकता है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन, सड़क, शिक्षा और कानून-व्यवस्था के क्षेत्रों में कई बदलाव देखे हैं। ऐसे में जो भी नया नेता सामने आएगा, उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती इन उपलब्धियों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की होगी। साथ ही, उसे जनता के विश्वास को भी जीतना होगा, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यह कहा जा सकता है कि नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार का दायित्व केवल किसी एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे नेतृत्व तंत्र पर होगा। एक मजबूत, समन्वित और दूरदर्शी नेतृत्व ही राज्य को स्थिरता और विकास के पथ पर बनाए रख सकता है। बिहार विधानसभा की सीटों पर बात करें तो कुल सीटेंः 243 है जिसमें बहुमत का आंकड़ा 122 है। दलवार सीट जिसमें भाजपा- 89, जेडी(यू) -85, एनडीए कुल - 174, राजद - 25, कांग्रेस -6, वाम दल (सीपीआई(एमएल), सीपीआई(एम)) - 3, महागठबंधन कुल- 34,एलजेपी (आरवी)- 19, एआईएमआईएम - 5, हैम(एस) - 5, आरएलएम- 4 सहित अन्य 2 हैं। नीतीश कुमार के केंद्र में मंत्री बनने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। हालांकि, हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों—खासकर उनके राज्यसभा जाने की चर्चाओं—के बाद यह अटकलें जरूर तेज हुई हैं कि वे केंद्र की राजनीति में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अगर वे राज्यसभा सदस्य बनते हैं तो सैद्धांतिक रूप से केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना संभव हो जाता है। खैर यह तो भविष्य के गर्त में है कि बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा? भाजपा से अगर कोई आता है तो यह समय सही है क्योंकि बिहार एक संभावनाओं और चुनौतियों का प्रदेश है। भारत के पूर्वी हिस्से में स्थित बिहार एक ऐसा प्रदेश है जिसकी पहचान इतिहास, संस्कृति और संघर्षों के अनूठे संगम के रूप में होती है। यह वही धरती है, जहाँ प्राचीन काल में ज्ञान और सभ्यता के केंद्र विकसित हुए—चाहे वह नालंदा विश्वविद्यालय हो या विक्रमशिला विश्वविद्यालय लेकिन आधुनिक समय में बिहार को अक्सर पिछड़ेपन और विकास की चुनौतियों के संदर्भ में देखा जाता है। बिहार की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल युवा आबादी है। यह जनसंख्या यदि सही दिशा में मार्गदर्शित हो तो प्रदेश की तस्वीर बदल सकती है। कृषि यहाँ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है लेकिन उद्योगों का अभाव और रोजगार के सीमित अवसर युवाओं को पलायन के लिए मजबूर करते हैं। यही कारण है कि बिहार के श्रमिक देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी मेहनत का लोहा मनवाते हैं।राजनीतिक दृष्टि से भी बिहार हमेशा चर्चा में रहा है। नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने सुशासन और विकास के मुद्दों को केंद्र में लाने की कोशिश की है लेकिन राजनीतिक अस्थिरता और गठबंधन की मजबूरियाँ अक्सर नीतियों की निरंतरता में बाधा बनती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार के प्रयास हुए हैं, परंतु अभी भी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

## कारण के रूप...

**ओंकारेश्वर पांडेय**

# उत्तर प्रदेशः गड्ढों में दफन 'डबल इंजन' का गौरव और 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' की दास्तान



उत्तर प्रदेश की राजनीति में 'बुलडोजर' को सुशासन और त्वरित न्याय के प्रतीक के रूप में पेश किया गया लेकिन जब विकास की बात आती है तो ऐसा लगता है कि यह प्रतीकवाद केवल पुराने निर्माणों को ढहाने तक ही सीमित रह गया है। लखनऊ के गोमती नगर में हाल ही में हुआ हादसा—जहाँ 1,519 करोड़ की भारी-भरकम लागत वाला 'ग्रीन कॉरिडोर' अपने भव्य उद्घाटन के मात्र 48 घंटे बाद ही धंस गया—भाजपा सरकार के 'विकास मॉडल' की इंजीनियरिंग और नैतिकता, दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह केवल एक सड़क का धंसना नहीं है, बल्कि उस व्यवस्थागत भ्रष्टाचार का सुबूत है जहाँ 'इवेंट मैनेजमेंट' को 'इंजीनियरिंग' पर वरीयता दी जाती है। बीते 13 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिस 28 किमी लंबे सिग्नल-फ्री 'ग्रीन कॉरिडोर' (फेज-2) का फीता काटा, उसे राजधानी की यातायात समस्याओं का अंतिम समाधान बताया गया था। दावा था कि यह कॉरिडोर यात्रा समय को 45 मिनट से घटाकर 15 मिनट कर देगा लेकिन 15 मार्च को हनुमान सेतु से निशातगंज के बीच सड़क के सीने पर बना 5 फुट गहरा गड्ढा चीख-चीखकर भ्रष्टाचार की कहानी कह रहा था। कारण के रूप में 15 साल पुरानी जर्जर सीवर लाइन के रिसाव का हवाला दिया गया लेकिन वास्तविकता यह है कि स्थानीय निवासियों ने डेढ़ महीने पहले ही इस रिसाव की चेतावनी दी थी। उससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि उद्घाटन से पहले ट्रैफिक पुलिस ने कॉरिडोर के 'फ्लॉड डिजाइन' (दोषपूर्ण डिजाइन) पर लिखित आपत्ति जताई थी, जिसे राजनीतिक दबाव में दरकिनार कर दिया गया। जब बुनियादी ढांचा ताश के पत्तों की तरह ढहता है, तो उसे 'एक्ट ऑफ गॉड' कहना जनता की बुद्धि का अपमान है; यह स्पष्ट रूप से 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' है। 2017 में सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री ने संकल्प लिया था—15 दिनों में प्रदेश गड्ढा मुक्त होगा।₹ नौ साल बाद, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय (MoRTH) के फरवरी 2026 के आंकड़े इस संकल्प की विभीषिका बताते हैं। 2020 से 2024 के बीच, भारत में गड्ढों के कारण हुई कुल 9,438 मौतों में से 5,127 मौतें अकेले उत्तर प्रदेश में हुईं। यह सांख्यिकीय त्रासदी है कि देश की 54% से अधिक 'गड्ढा-जनित' मौतें केवल एक राज्य में हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में यह ग्राफ 2020 (1,555 मौतें) से बढ़कर 2024 तक 2,385 मौतों तक पहुंच गया—यानी 53% की वृद्धि। विडंबना देखिए, जहाँ आंध्र प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों ने तकनीकी सुधारों से इन मौतों को शून्य के करीब ला दिया है, वहीं उत्तर प्रदेश 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' होने के बावजूद अपनी जनता को सुरक्षित सड़कें नहीं दे पा रहा है। भाजपा सरकार अक्सर राष्ट्रीय राजमार्गों (NH) की लंबाई बढ़ाने का दावा करती है।

## जरा हटके

## जांच में खुलासा...

**अशोक भाटिया**

# शर्मनाक है ज्योतिषी अशोक खरात की हरकत

महाराष्ट्र के नासिक से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यह खबर सिर्फ एक क्राइम की नहीं है बल्कि भरोसे के साथ हुए सबसे खतरनाक धोखे की है। एक ऐसा शख्स, जिसे लोग 'गुरु' मानते थे। जिसके पास अपनी समस्याओं का हल ढूंढने लोग दूर-दूर से आते थे। वही शख्स अपने फार्महाउस और दफ्तर को एक खौफनाक जाल में बदल चुका था। बेडरूम में हिडन कैमरे। महिलाओं को बुलाने के लिए झूठे वादे और फिर उन्हें सम्मोहन और डर के जरिए फंसाना। 58 महिलाओं के साथ जुड़े वीडियो सामने आने के बाद इस पूरे नेटवर्क का काला सच अब उजागर हो चुका है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह मामला इसलिए और भी चौंकाने वाला है क्योंकि आरोपी ने अपने प्रभाव और छवि का इस्तेमाल हथियार की तरह किया। खुद को 'कैप्टन' कहने वाला यह शख्स लोगों के मन में डर और आस्था दोनों पैदा करता था। महिलाओं को विश्वास दिलाया जाता था कि उनकी जिंदगी की समस्याएं खत्म हो जाएंगी। लेकिन असल में वह उन्हें एक ऐसे जाल में फंसा रहा था, जहां से निकलना मुश्किल था। सम्मोहन, नशीला पदार्थ और ब्लैकमेल इन तीन हथियारों के सहारे उसने अपना काला साम्राज्य खड़ा कर लिया। अशोक खरात नासिक के सिन्नर तालुका के मिरगांव स्थित श्री ईशान्येश्वर मंदिर ट्रस्ट का चेयरमैन भी बताया जाता है। इस पद के चलते उसकी स्थानीय स्तर पर अच्छी पकड़ थी और लोगों के बीच उसकी छवि एक 'आध्यात्मिक मार्गदर्शक' की बन गई थी। यही वजह थी कि आम लोगों से लेकर प्रभावशाली व्यक्तियों तक, कई लोग उससे जुड़ते गए। यह पहला मौका नहीं है जब अशोक खरात विवादों में आया हो। महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के कार्यकर्ता पहले से ही उसके खिलाफ मोर्चा खोल चुके थे। जब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उसके यहां पहुंचे थे, तब भी इस मुलाकात को लेकर काफी विवाद हुआ था। अंधविश्वास के खिलाफ काम करने वाले संगठनों ने इस पर सवाल उठाए थे और ऐसे 'बाबाओं' को बढ़ावा देने पर आपत्ति जताई थी। इस हाई प्रोफाइल बाबा की गिरफ्तारी ने महाराष्ट्र में



सियासी हलचल बढ़ा दी है। पुलिस FIR के मुताबिक, आरोपी अशोक खरात जो खुद को 'कैप्टन' कहता था, मर्चेंट नेवी का पूर्व अधिकारी बताया जाता है। उसने समाज में एक प्रतिष्ठित ज्योतिषी और "दैवी शक्तियों" के जानकार के रूप में अपनी पहचान बनाई थी और अपने प्रभाव का एक अनोखा रहस्यलोक बनाया था। पीड़िता का आरोप है कि पूजा-पाठ करने के बहाने, 67 साल के इस ज्योतिषी ने उसे नशीला पदार्थ खिलाया, उसे सम्मोहित किया और उसके विश्वास का गलत फायदा उठाकर उसका यौन शोषण किया। आरोपी ज्योतिष नासिक के पॉश इलाके कनाडा कॉर्नर में अपना ऑफिस चलाता था और साथ ही सिन्नर के मिरगांव में मंदिर और एक आलीशान फार्महाउस का मालिक था। पुलिस के अनुसार, खरात पर आरोप है कि उसने महिलाओं को उनकी निजी समस्याओं के समाधान का झांसा दिया और "पूजा-पाठ" करने के नाम पर उसे नशीला पदार्थ दिया और उन्हें सम्मोहित (हिप्नोटाइज) कर उनके साथ दुष्कर्म किया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह मामला सिर्फ एक पीड़िता तक सीमित नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बाबा के फार्म हाउस से 58 महिलाओं के संदिग्ध वीडियो मिले हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने अपने ऑफिस और फार्म हाउस में गुप्त कैमरे लगा रखे थे। पुलिस को छानबीन में एक पेन ड्राइव भी मिली है, इसमें 58 अलग-अलग महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो क्लिप्स होने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, वह महिलाओं को डराने के लिए तंत्र-मंत्र और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता था। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए IPS अधिकारी तेजस्विनी सतपुते की अगुवाई में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया है। नासिक क्राइम ब्रांच यूनिट 1 आरोपी से बरामद किए गए आपत्तिजनक वीडियो और दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नासिक में 'ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स' नाम से एक दफ़्तर चलाता था। हालांकि, आरोप है कि वहां रियल एस्टेट का नहीं, बल्कि अपराध का धंधा चलता था। बताया जाता है कि आरोपी का नासिक के पॉश इलाके में रियल एस्टेट ऑफिस होने के साथ-साथ मीरगांव में ईशान्येश्वर नाम का एक आलीशान आश्रम और मंदिर भी है। सूत्रों के अनुसार, यहां बड़े-बड़े रसूखदार लोग दर्शन के लिए आते थे। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस नेटवर्क के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं और यह काला कारोबार कब से चल रहा था। ऐसी चर्चा है कि उसके राजनीतिक संबंध दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र की सत्ता के गलियारों तक फैले हुए हैं। मीरगांव में उसका 'ईशान्येश्वर मंदिर' और एक आलीशान आश्रम है, जहां अक्सर जाने-माने और प्रभावशाली लोग दर्शन करने आते थे। नासिक के सिन्नर में स्थित श्री ईशान्येश्वर मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन के तौर पर, खरात को जाने-माने राजनेताओं, मशहूर हस्तियों और बड़े कारोबारियों के आध्यात्मिक गुरु के रूप में व्यापक पहचान मिली थी। आरोपी की गिरफ्तारी भी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। पुलिस ने गोपनीय ऑपरेशन के तहत रात में उसके फार्महाउस के बाहर "चोर-चोर" चिल्लाकर अफरा-तफरी मचाई और इसी बहाने घर में प्रवेश किया और सीधे बेडरूम से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने खरात के ठिकाने से पिस्तौल, जिंदा कारतूस और कई संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि कई राजनेता, सेलिब्रिटी और कारोबारी उसके संपर्क में थे जो उसके मंदिर और फार्महाउस पर आते जाते थे।

# काशी के यूपी कॉलेज में बीएससी छात्र की हत्या

## साथियों ने पथराव किया, गाड़ियां तोड़ीं, 3 प्रोफेसर घायल, पुलिस ने खदेड़ा

**बवाल**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी के यूपी कॉलेज परिसर में दिनदहाड़े बीएससी छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे तनाव फैल गया है। हमलावर ने क्लासरूम के बाहर छात्र को 4 गोलियां मारीं। पिस्टल कूड़े के ढेर में फेंककर फरार हो गया। आरोपी भी इसी कॉलेज का छात्र है। वारदात की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे कला और सामाजिक विज्ञान संकाय के बाहर हुई। घायल छात्र सूर्य प्रताप सिंह (23) को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद गुस्साए छात्रों ने कॉलेज परिसर में हंगामा कर दिया। कैंपस के अंदर कुर्सियां तोड़ दीं। बाहर दुकानों में तोड़फोड़ कर दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने कॉलेज का मेन गेट बंद करा दिया था। आसपास की 150 से अधिक दुकानों को भी बंद करा दिया। परिसर में सात थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी। करीब 3 घंटे बाद पुलिस ने कॉलेज का गेट खुलवाया। घेरा बनाकर कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों को बाहर निकाला जा रहा था, तभी हत्याकांड से गुस्साए छात्रों ने फिर हंगामा कर दिया। पत्थर फेंककर कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। छात्रों के पथराव में तीन प्रोफेसर घायल हो गए। पुलिस ने लाठी फटकार कर प्रदर्शनकारी छात्रों को भगाया। पुलिस कमिश्नर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छह टीमें गठित की हैं। सिर, सीने और पेट में गोली लगते ही सूर्य प्रताप अचेत हो गया। वारदात के बाद प्रिंसिपल वहां से चले गए। साथी छात्रों के पहुंचते ही आरोपी छात्र पिस्टल फेंककर भाग निकला। वह कला एवं सामाजिक विज्ञान भवन की छत से कूदकर फरार हो गया।



सूर्य प्रताप सिंह
मृतक छात्र

- वारदात की सूचना पर पहुंची मां, बेटे की लाश देखकर बेहोश हो गई। परिवार वालों ने उन्हें संभाला।
- हत्या के बाद गुस्साए छात्रों ने बवाल कर दिया। उन्होंने कैंपस और बाहर तोड़फोड़ की दी।

### छात्रों का आरोप- प्रिंसिपल के सामने मारी गई गोली

शुक्रवार सुबह 10.30 बजे सूर्य और आरोपी छात्र मंजीत चौहान के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद प्रिंसिपल ने दोनों छात्रों को बुलाया। छात्रों का आरोप है कि प्रिंसिपल ने सूर्य प्रताप सिंह को सबके सामने जलील किया। इसी दौरान आरोपी छात्र मंजीत ने पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।



### 20 दिन बाद आज कॉलेज पहुंचा था छात्र

छात्र सूर्य प्रताप सिंह के पिता ऋषि देव सिंह अतुलानंद स्कूल में ड्राइवर हैं। उनकी मां किरण सिंह अतुलानंद स्कूल में सहायिका हैं। छात्र की दो बहनें हैं, एक की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी अविवाहित है। सूर्य प्रताप को 20 दिन पहले चेचक निकल आई थी, जिसके चलते वह कॉलेज नहीं आ रहा था। ठीक होने के बाद वह आज ही कॉलेज पहुंचा था। इधर, ट्रॉमा सेंटर पहुंची मां इकलौते बेटे की लाश देखकर बेहोश हो गई। परिजनों और मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला। साथी छात्र भी फूट-फूट कर रोते नजर आए।

पुलिस के मुताबिक, जिस छात्र की हत्या हुई, वह गाजीपुर का रहने वाला था। सेकेंड ईयर में पढ़ रहा था। वहीं, आरोपी मंजीत सिंह बीए सेकेंड ईयर का छात्र है। वह वाराणसी के चांदमारी इलाके का रहने वाला है। उसने इंस्टाग्राम के बॉयो में लिखा है- आपका सम्मान तभी तक है, जब तक मेरे स्वाभिमान को ठेस न पहुंचे। जय मां भवानी।

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच। महसी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बांभौरी के मजरा मिसरन पुरवा में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलील नई का पुत्र मुनव्वर (लगभग 30 वर्ष) अपने खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से लाही की पराली लेकर घर वापस आ रहा था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक मौसम बदल गया और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान आकाशीय बिजली सीधे मुनव्वर पर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक दम तोड़ चुका था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और गांव में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। सूचना पर स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर न जाएं और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। यह घटना क्षेत्र में शोक का विषय बनी हुई है।



**फास्ट न्यूज**

### देशी मदिरा दुकानों का ई-लॉटरी से आवंटन

कानपुर देहात। कानपुर देहात में आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के तहत देशी मदिरा, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप और भांग की फुटकर दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। यह प्रक्रिया 20 मार्च को जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में संपन्न हुई। जनपद की कुल 20 दुकानों के लिए 10 मार्च से 17 मार्च तक पंजीकरण किया गया था।

### गंगा में इफ्तार करने वाले कोर्ट में फूट-फूटकर रोए

वाराणसी। 'नाव को हाइजैक कर और नाविक का अपहरण कर गंगा नदी में इफ्तार पार्टी की गई थी। पार्टी के फोटो वीडियो बनाकर दिलेरी दिखाई गई थी।' काशी पुलिस ने यह बात गुरुवार रात सीजेएम कोर्ट में कही। दरअसल, गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी करने वाले 14 युवकों को रात करीब 8 बजे कोर्ट में पेश किया गया। घरवालों ने उनकी जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट में सुनवाई हुई। सरकार की ओर से सहायक अभियोजन अधिकारी दीपक कुमार ने बहस की। कोर्ट ने सभी आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### बैंकाक से लौटे युवक की छत पर न्यूड लाश मिली

गोरखपुर। गोरखपुर में 28 साल के युवक की न्यूड डेडबॉडी टॉयलेट की छत पर मिली है। उसकी जींस और टी-शर्ट 25 मीटर दूर पेड़ से टंगे मिले। मां का कहना है कि मेरे बेटे की हत्या की गई है। हत्यारों को फांसी होनी चाहिए। पुलिस के मुताबिक, ऋषभ यादव थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में जॉब करता था। 19 फरवरी को बहन की शादी थी, तभी वह घर आया था। गुरुवार सुबह उसकी लाश मिली।

# दस्तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सूरतगंज में टास्क फोर्स बैठक संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र में एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाए जाने वाले 'दस्तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान' को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को खंड विकास कार्यालय सूरतगंज में एक महत्वपूर्ण टास्क फोर्स बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में एडीओ पंचायत संजय कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजर्षि त्रिपाठी, पशु चिकित्सक डॉ. बीआर पाटिल, बीईओ संजय कुमार सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बीडीओ ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए और कहा कि अभियान को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांव-गांव में साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए ग्राम स्तर पर नियमित सफाई का रोस्टर तैयार किया जाए और उसकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि आबादी के आसपास स्थित तालाबों, जलभराव वाले स्थानों और नालियों में मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए जला हुआ मोबिल ऑयल डलवाया जाए। इसके अतिरिक्त नियमित रूप से फॉगिंग कराई जाए ताकि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजर्षि त्रिपाठी ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य टीमों को घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं शिक्षा विभाग को विद्यालयों के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को स्वच्छता और रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।



### जिले में 23 से 26 मार्च तक रोजगार मेले

बहराइच। जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 से 26 मार्च 2026 तक विभिन्न स्थानों पर एक दिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को राजकीय पॉलीटेक्निक बहराइच, 24 मार्च को राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच, 25 मार्च को विकास खंड परिसर मिहींपुरवा तथा 26 मार्च को कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले आयोजित होंगे। रोजगार मेले में क्वेशकार्प लिमिटेड, पीपल ट्री ऑनलाइन, धन वर्षा बायोटेक्नोलॉजी, एलआईसी, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक, सिसका एलईडी, यंग इंडिया, पशुपतिनाथ बायोटेक्नोलॉजी, रॉयल एनफील्ड, सीएनएच इंडस्ट्रियल ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग, जेप्टो, करम इंटरनेशनल तथा मदर्सन सूमी सिस्टम लिमिटेड सहित अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी।

# 25 मार्च तक उर्वरक गोदामों की सख्त जांच, गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । शासन द्वारा जनपद में विभिन्न कम्पनियों के उर्वरक गोदामों एवं फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर आई0एफ0एम0एस0 पोर्टल/पी0ओ0एस0 मशीन में उपलब्ध उर्वरकों का भौतिक रूप से सत्यापन हेतु प्राप्त निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तर, ब्लाक स्तर एवं न्याय पंचायत स्तर पर जांच हेतु कमेटी का गठन करते हुए शत प्रतिशत गोदामोंध्बिक्री केन्द्रों पर भौतिक रूप से दिनांक 25 मार्च 2026 तक सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में आदेश निर्गत किया गया है। उपरोक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक को जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा जिला प्रबन्धक, पी0सी0एफ0, क्षेत्राधिकारी, इफको एवं भण्डार प्रभारी, पी0सी0एफ0 के साथ पी0सी0एफ0 के चन्दौली स्थित एवं फर्टि प्लान्ट स्थित गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्टि प्लान्ट गोदाम में 999.90 मी0टन यूरिया भण्डारित पायी गयी तथा चन्दौली स्थित गोदाम में यूरिया 576 मी0टन, डी0ए0पी0 318 मी0टन, एन0पी0के0 1317 मी0टन सामान्य एवं प्रीपोजिशनिंग स्टाक भण्डारित पाया गया, जिसका अभिलेखों से मिलान किया गया। इसके अतिरिक्त चन्दौली स्थित गोदाम में इफको का गैर अनुदानित स्टाक सागारिका 591 बैग, जिंक सल्फेट 33 प्रतिशत 984 बैग, मोनो पोटैशियम फॉस्केम 100 बैग, नैनो डी0ए0पी0ध्नैनो यूरिया भण्डारित पाया। शासन द्वारा अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर अनुदानित उर्वरक की आपूर्ति , बिक्री पर लगाये गये प्रतिबन्ध के क्रम में क्षेत्राधिकारी, इफको से भण्डारित गैर अनुदानित स्टाक की इन्वाइस/बिल स्पष्टीकरण के साथ उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। जिला प्रबन्धक, पी0सी0एफ0, बाराबंकी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के पी0सी0एफ0 गोदामों में 4600 मी0टन यूरिया 5000 मी0टन डी0ए0पी0 एवं 4000 मी0टन एन0पी0के0 सामान्य / प्रीपोजिशनिंग स्टाक भण्डारित है। जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा अवगत कराया गया कि उर्वरक सत्यापन/जांच के दौरान किसी प्रकार के उर्वरक में भिन्नता पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।



# निगम कार्यों की समीक्षा, गुणवत्ता और समयबद्धता पर सख्त निर्देश

## विधानसभा समिति की बैठक में पेयजल

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति 2025-26 की प्रथम उप समिति के द्वितीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जनपद में उपसमिति की संयोजक श्रीमती मनीषा अनुरागी, सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह, विधायक सदर सुरेश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा की उपस्थिति में कार्यशील समस्त निगमों के जनपदीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल निगम नगरीय के कार्यो की समीक्षा करते हुए अवगत कराया गया कि पांच परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। समिति द्वारा निर्देश दिया गया कि पाइप लाइन बिछाने में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए, डीपीआर में स्वीकृत मानक के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की पाइपलाइन बिछाई जाए, जिन सड़कों को तोड़ा दिया जा रहा है उन्हें गुणवत्तापरक रेस्टोरेशन कर दिया जाए। कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 निर्माण इकाई-14 लखनऊ की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उक्त समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा समय-समय पर टीम बनाकर इसका सत्यापन कराया जाए। निर्माण कार्यो को ससमय पूर्ण करें और उसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करें। समिति को बताया गया कि यूपीपीसीएल के द्वारा जनपद में कुल 27 कार्य कराए जा रहे है।



# अचानक बारिश से सूरतगंज में जनजीवन अस्त-व्यस्त, फसलों पर मंडराया संकट

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक हुई तेज बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और देखते ही देखते बूंदा बांदी के साथ तेज बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है। क्षेत्र में इस समय गेहूं और सरसों की फसलें तैयार खड़ी हैं। ऐसे में बारिश और तेज हवाओं से फसलों के गिरने और खराब होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों के मुताबिक यदि मौसम इसी तरह बना रहा या फिर तेज बारिश और हवा का दौर जारी रहा, तो भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्थानीय किसान मनोरथ , राजेश तिवारी, महेश और जगदीश का कहना है कि इस समय हल्की बूंदाबांदी भी फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। तेज हवा के साथ बारिश होने पर सरसों की फसल झड़ सकती है जबकि कई लोगों की सरसों की फसल कटी पड़ी हुई है, जबकि गेहूं की फसल गिरने का खतरा बढ़ जाएगा इसके अलावा आलू और मसूरी जैसी अन्य फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं। साथ ही आवागमन में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी कई जगह बाधित होने की खबर है। मौसम के जानकारों का कहना है कि अगले कुछ समय तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। बादलों की आवाजाही और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।



# कप्तान से गुहार लगाने के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

## बहू को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला द्वारा अपनी बहू को बहला-फुसलाकर भगाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने के बाद आखिरकार मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पुत्र हैदराबाद में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उनकी बहू को गांव से ही संबंध रखने वाले रामनगर थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवक द्वारा 16 मार्च 2026 को कथित रूप से बहला-फुसलाकर डरा-धमकाकर भगा ले जाया गया। पीड़िता के अनुसार इस घटना में गांव के भी दो लोगों का सहयोग रहा, जो कथित तौर पर विपक्षी के संपर्क में रहकर मुखबिरी कर रहे थे। महिला ने आरोप लगाया कि उक्त लोग पहले से ही रंजिश रखते हैं, जिसके चलते इस घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित की तहरीर के अनुसार घटना की सूचना स्थानीय थाने पर दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि उन्होंने अपनी बहू की काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इस घटना से परिवार में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पीड़िता का पुत्र 30 मार्च को हैदराबाद से घर पहुंचने वाला है। वहीं, बाराबंकी पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय

**चिंता : जौनपुर से बीएचयू रेफर, सीने में दर्द की शिकायत, उम्रकैद की सजा काट रहा**

# जेल में पूर्व सांसद उमाकांत यादव की तबीयत बिगड़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

जौनपुर। जौनपुर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व सांसद उमाकांत यादव की तबीयत बिगड़ गई। उसे शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल लाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे वाराणसी के BHU रेफर कर दिया। उसे सीने में दर्द की शिकायत है। डॉक्टरों के मुताबिक, पूर्व सांसद की शुगर और ब्लड प्रेशर की दवाएं पहले से चल रही थीं। इसके बावजूद दोनों का लेवल बढ़ा हुआ मिला। रेफर करने से पहले उसकी ईसीजी भी कराई गई। उमाकांत फिलहाल GRP सिपाही की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहा है। जौनपुर जिला अस्पताल के डॉक्टर रूपेश कुमार ने बताया कि उमाकांत यादव को सीने में तेज दर्द की शिकायत थी। जांच में उनका शुगर और ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ पाया गया। उन्हें बेहतर इलाज के लिए बीएचयू रेफर कर दिया गया। मामला 30 साल पुराना है। 4 फरवरी 1995 को जौनपुर के शाहगंज रेलवे स्टेशन पर दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद प्लेटफॉर्म-1 पर बेंच पर बैठने को लेकर था। सूचना पर GRP सिपाही मौके पर पहुंचे। इस दौरान एक व्यक्ति ने खुद को तत्कालीन विधायक उमाकांत यादव का ड्राइवर राजकुमार बताया। कहासुनी बढ़ी तो राजकुमार ने GRP सिपाही रघुनाथ सिंह को थप्पड़ मार दिया। सरकारी अधिवक्ता लाल बहादुर पाल और CBCID के वकील मृत्युंजय सिंह ने कोर्ट में 19 गवाह पेश किए।



पुलिसकर्मी पूर्व सांसद को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान वह तड़पता हुआ दिखा।

### असलहे के साथ जीआरपी चौकी पहुंचा उमाकांत यादव

विवाद बढ़ने पर पुलिस ने राजकुमार को हिरासत में लेकर GRP चौकी में बंद कर दिया। इसकी सूचना तत्कालीन विधायक उमाकांत यादव को मिली। इसके बाद वह अपने गनर बच्चूलाल, PRD जवान सूबेदार, धर्मराज, महेंद्र और सभाजीत के साथ GRP चौकी पहुंचा। सभी के पास रिवॉल्वर, कार्बाइन और देसी तमंचे थे। घटना के बाद उमाकांत यादव अपने साथी राजकुमार को लॉकअप से छुड़ाकर फरार हो गया। मामले में कांस्टेबल रघुनाथ सिंह ने FIR दर्ज कराई। पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास समेत 10 गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। बाद में जांच CBCID (क्राइम ब्रांच-क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट) को सौंप दी गई।



ये फोटो कोर्ट के बाहर की है, जब उमाकांत यादव को दोषी करार दिया था।

### उमाकांत यादव ने लॉकअप के सामने कराई फायरिंग

GRP लॉकअप के सामने उमाकांत यादव ने अपने साथियों को फायरिंग करने के लिए कहा। इसके बाद स्टेशन परिसर में अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं। फायरिंग से भगदड़ और दहशत फैल गई। इस दौरान GRP कांस्टेबल अजय सिंह को गोली लग गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# बारिश में भी नहीं थमा जोश : 'मिशन शक्ति' बाइक रैली से गूंजा बहराइच

तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच। नवरात्रि के पावन अवसर पर 'मिशन शक्ति' फेज-5 के द्वितीय चरण की शुरुआत बहराइच में उत्साह और जोश के साथ हुई। रिजर्व पुलिस लाइन से निकली महिला सशक्तिकरण बाइक रैली ने पूरे शहर में जागरूकता की अलख जगाई। पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। खास बात यह रही कि तेज बारिश के बावजूद पुलिस बल और महिला अधिकारियों का उत्साह जरा भी कम नहीं हुआ। बाइक रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए "नारी सुरक्षा, नारी सम्मान" और "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे नारों से माहौल को ऊर्जावान बना दिया। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर मेडिकल कॉलेज, घंटाघर और छावनी चौराहे सहित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान लगभग 55 दोपहिया और कई चारपहिया वाहनों पर 180 से अधिक पोस्टर व बैनर लगाए गए थे, जिनके माध्यम से महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन का उपयोग करें। रैली में एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा दल की सक्रिय भागीदारी रही। यह आयोजन न सिर्फ महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे गया कि नारी सम्मान और सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



## संत ने राधे-राधे कहा ■ परिवार के साथ मुर्मू वृंदावन पहुंचीं, 25 मिनट चर्चा की

# राष्ट्रपति संत प्रेमानंद से मिलीं हाथ जोड़कर प्रणाम किया

**मुलाकात**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंदजी के वृंदावन आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हाथ जोड़कर संत को प्रणाम किया।

संत प्रेमानंद ने राधे-राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला-चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी को जन्मदिन की भी बधाई दी। गुरुवार यानी 19 मार्च को उनका 56वां जन्मदिन था। दरअसल, राष्ट्रपति मुर्मू, यूपी के 3 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए थे। फिर शाम को मथुरा पहुंचीं। प्रेमानंदजी से मुलाकात के बाद बाबा नीम करौरी महाराज के आश्रम पहुंचेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू का मथुरा का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह पिछले साल 25 सितंबर को आई थीं। तब बांके बिहारी के दर्शन किए थे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति संत प्रेमानंद महाराज के साथ आध्यात्मिक चर्चा के दौरान भाव-विभोर दिखीं। इस दौरान कुटिया में सिर्फ राष्ट्रपति, उनके परिजन और संत के करीबी शिष्य ही मौजूद रहे। प्रेमानंद महाराज का जन्म यूपी में कानपुर जिले की नरवल तहसील के अखरी गांव में हुआ था। पिता शंभू नारायण पांडे और मां रामा देवी हैं। 3 भाई हैं, प्रेमानंद मंझले हैं। बचपन में प्रेमानंद जी का नाम अनिरुद्ध कुमार पांडे था। वह बचपन से ही आध्यात्मिक रहे। कक्षा 8 तक पढ़ाई की है।



■ शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति ने वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज से उनके आश्रम में पहुंचकर मुलाकात की।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू, दामाद गणेश हेम्ब्रम और दोनों नातिनें आद्याश्री और नित्याश्री मौजूद थीं। केलीकुंज आश्रम में राष्ट्रपति और उनके परिवार के लिए कुर्सियां लगाई गई थीं।**



### रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कैंसर यूनिट का उद्घाटन किया

संत प्रेमानंद से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति, रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल पहुंची। वहां पश्चिमी यूपी की सबसे आधुनिक कैंसर यूनिट 'नंदकिशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, यूपी के मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण भी मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति ने अयोध्या राम मंदिर में रामयंत्र की स्थापना की थी

यूपी पहुंचीं राष्ट्रपति ने अपने दौरे के पहले दिन गुरुवार को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। मंदिर में रामदरबार में राम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति को मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी थी। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा था- अयोध्या में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया था। इस पवित्र भूमि पर कदम रखना ही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। गुरुवार शाम को वह अयोध्या से मथुरा पहुंचीं। वहां वृंदावन में इस्कॉन मंदिर गईं, जहां राधा-श्याम सुंदर का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मंदिर की साज-सजावट की तारीफ की। इस्कॉन में बच्चों से बातचीत की और उन्हें चॉकलेट दी। करीब आधा घंटा इस्कॉन में रुकने के बाद राष्ट्रपति ने प्रेम मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का किया उद्घाटन

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चैरिटेबल अस्पताल में आज महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एवं महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आगमन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति का स्वागत रामकृष्ण मिशन के संतों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

महामहिम राष्ट्रपति ने अस्पताल के नवीन 'नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का शिलापट्ट अनावरण कर फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इसके उपरांत राष्ट्रपति एवं राज्यपाल ने रामकृष्ण परमहंस, शारदा देवी एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत सभागार में दीप प्रज्ज्वलन किया गया, जिसमें प्रदेश के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह भी उपस्थित रहे। रामकृष्ण मिशन के स्वामी विमलात्मानंद जी महाराज द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वृंदावन की पावन भूमि आध्यात्मिकता, भक्ति और करुणा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चैरिटेबल अस्पताल सेवा, प्रेम और आध्यात्मिक चेतना का उत्कृष्ट संगम है, जो पिछले 118 वर्षों से जनसेवा में समर्पित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नया ऑन्कोलॉजी ब्लॉक कैंसर रोगियों के लिए अत्याधुनिक और सुलभ उपचार उपलब्ध कराएगा।



**फास्ट न्यूज़**

### अर्चना वर्मा बनीं शैक्षिक महासंघ की उपाध्यक्ष

मथुरा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राया की हुई ब्लॉक कार्यकारणी गठन बैठक में सर्वसम्मति से अर्चना वर्मा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष हरिओम गुप्ता,अध्यक्ष प्रतिनिधि गोवर्धनदास,महा-मंत्री शैलेंद्र परिहार,कोषाध्यक्ष कीर्ति लवानियां,संरक्षक अशोक पाठक,अमित कुमार,मार्गदर्शक भगवान सिंह पचौरी,शिखा मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह को किया जाएगा सम्मानित

मथुरा। उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह को उनकी बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बरेली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर एक चलती स्कूल बस में आग लगने की भयावह घटना के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए 38 स्कूली बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

बृज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया कि सत्येंद्र सिंह की वीरता और समर्पण को देखते हुए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### तेज हवा से झोपड़ी की कच्ची दीवार गिरी

कानपुर । कानपुर में शुक्रवार सुबह अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। रावतपुर में तेज हवा और बारिश की वजह सड़क किनारे झोपड़ी की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। जिसमें झोपड़ी में रहने वाली दो महिला व बच्ची घायल हो गई। वहीं पिछले एक हफ्ते से तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था लेकिन बारिश के बाद पारा गिरकर करीब 24 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद मथुरा में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा के निर्देशन में थाना फरह एवं महिला थाना पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर, गुड टच एवं बैड टच की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों और महिला संबंधी अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस टीम ने बताया कि बस, रास्तों या सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी जैसी घटनाओं से घबराने के बजाय तुरंत कार्रवाई करें और हेल्पलाइन नंबर 1090 पर संपर्क करें या नजदीकी थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराएं।

इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई।

अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया गया तथा महिलाओं से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों—1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा एवं 1930 साइबर हेल्पलाइन—की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

## नवरात्रि पर दर्शन करके लौट रहे थे, बोलेरो के दरवाजे तोड़कर लाश निकाली

# आगरा में पिता, बेटा-बहू और पोती समेत 5 की मौत



**घायलों को इलाज के लिए पास के ही सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का इलाज करने के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाह में सीएचसी पर पांचों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन सभी के शव लेकर इटावा रवाना हो गए हैं।**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । आगरा में श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता, बेटा, बहू, पोती और नाती शामिल हैं। तीन लोग घायल हैं। हादसे के बाद गांव वालों ने गाड़ी के शीशे तोड़कर सभी को बाहर निकाला।

परिवार के लोग नवरात्रि के पहले दिन इटावा से राजस्थान के कैलादेवी मंदिर के दर्शन करने गए थे। लौटते समय गाड़ी चला रहे ड्राइवर को झपकी आने लगी। तभी परिवार के 20 साल के नाती ने गाड़ी चलाने के लिए कहा।

ड्राइवर ने जैसे ही लड़के को गाड़ी चलाने को दी। इसके करीब 15 मिनट बाद गुरुवार रात 11 बजे थाना चित्राहाट क्षेत्र में हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो का आगे का हिस्सा पूरी तरह खत्म हो गया। गाड़ी की आधी छत तक उखड़ गई। पेड़ से टकराने के बाद बोलेरो का आगे का हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। आधी छत उखड़ गई। गंगादीन ने बताया, 'रात में लौटते वक्त दूसरी गाड़ी आगे निकल गई, जबकि बोलेरो पीछे रह गई। बोलेरो चला रहे अवनीश को झपकी आने लगी। इस पर ऋषि ने अवनीश से कहा- मैं गाड़ी चलाता हूं, तुम आराम करो। इसके बाद ऋषि गाड़ी चलाने लगा। इसके करीब 15 मिनट बाद ही गांव से 30 किमी पहले ही बोलेरो पेड़ से टकरा गई। जब बोलेरो गांव नहीं पहुंची तो घरवालों ने फोन किया। लेकिन किसी का फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद परिजन दूसरी गाड़ी से वापस उन्हें खोजने निकले।



### दो गाड़ियों से 18 लोग कैलादेवी दर्शन करने गए

मृतकों की पहचान इटावा के इकदिल के गांव नगला वर के रहने वाले कांता प्रसाद (70), उनके बेटे देवेंद्र (35), बहू सीमा (30), पोती आराध्या (3) और गाड़ी चला रहे नाती औरैया थाना क्षेत्र के अजीतमल के गांव प्रतापपुर निवासी ऋषि (20) के रूप में हुई है। घायलों में देवेंद्र का बेटा आदित्य, ऋषभ की पत्नी रश्मि और अवनीश शामिल हैं। ऋषि के दादा गंगादीन ने बताया कि नवरात्रि में देवेंद्र के पिता कांता प्रसाद ने कैलादेवी दर्शन की इच्छा जताई थी, तभी मंदिर जाने का प्लान बना। 18 मार्च को दो गाड़ियों से परिवार और रिश्तेदारी के 18 लोग दर्शन के लिए निकले थे। बोलेरो में देवेंद्र का परिवार सवार था। बोलेरो देवेंद्र के दोस्त अवनीश की थी।

## चौमुहां में प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य हुआ कार्यक्रम

# ब्लॉक प्रमुख ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर स्टालों का किया अवलोकन

**आज उत्तर प्रदेश भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेजी से विकसित होने वाला राज्य : जमुना देवी**

तमसा संकेत, संवाददाता

चौमुहां । उत्तर प्रदेश सरकार के ₹नव निर्माण के नौ वर्ष₹ के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चौमुहां विकास खंड के सभागार में प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी प्रमुख प्रतिनिधि पंडित राजराम शर्मा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों व प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा बारी-बारी से उनके उत्पादों/ योजनाओं / उपलब्धियों आदि की जानकारी ली। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पशु चिकित्सा विभाग , स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए ।



इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेजी से विकसित होने वाला राज्य बन चुका है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित राजराम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में बेटियों के सम्मान के लिए बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओं योजनान्तर्गत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक का पैसा दिया जा रहा है।

### 09 वर्षो के दौरान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया

बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 09 वर्षो के दौरान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बाल विकास विभाग द्वारा ब्लॉक सभागार में प्रदर्शनी लगाई गई ,लाभार्थियों की योजना की जानकारी दी गई साथ ही कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी के हाथों से गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई गई ।

# सैफई मेडिकल कॉलेज में महिला मरीज से रेप

## मानसिक बीमार गर्भवती हुई, चेंजिंग रूम में करता था दरिंदगी

तमसा संकेत, एजेंसी

इटावा । इटावा के सैफई मेडिकल कॉलेज में 40 साल की मानसिक बीमार महिला के साथ सफाई कर्मचारी दुष्कर्म कर रहा था। महिला 9 महीने से भर्ती थी। इसका खुलासा तब हुआ, जब महिला रुटिन मेडिकल टेस्ट में 5 महीने की गर्भवती मिली।

वारदात का खुलासा होते ही मानसिक रोग विभाग के प्रमुख प्रो. एके मिश्रा ने 18 मार्च को सैफई थाने में एफआईआर कराई। पुलिस ने 19 मार्च को सफाईकर्मी रविंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह चेंजिंग रूम में पीड़ित को लेकर जाकर दरिंदगी करता था। कॉलेज प्रबंधन ने विभाग प्रमुख एके मिश्रा को हटा दिया। मानसिक रोग विभाग के सभी कर्मचारियों का ट्रांसफर दूसरे विभाग में कर दिया। 3 सदस्यीय टीम गठित कर 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। पीड़ित महिला की निगरानी के लिए डॉक्टरों की टीम बनाई गई है। सैफई सीओ रामगोपाल शर्मा ने कहा-मानसिक बीमार पीड़ित बोल-सुन नहीं सकती। उसके साथ कोई परिजन नहीं है। 24 जून 2025 को उसे मेडिकल कॉलेज में किसी शख्स ने भर्ती कराया था। तब से वह वहीं पर थी।



जिस सफाई कर्मचारी ने यौनशोषण किया है। CCTV फुटेज मांगी गई है। कर्मचारियों और डॉक्टरों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया- वह वार्ड में कपड़े बदलने के लिए बने कमरे (चेंजिंग रूम) में इशारा कर पीड़ित महिला को बुलाता था। वहां उससे रेप करता था। वह पीड़ित के साथ 4-5 बार रेप कर चुका है। गुरुवार रात पीड़ित का मेडिकल कराया गया। इसमें रेप की पुष्टि हुई। पुलिस का कहना है कि आरोपी का डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी की जा रही है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### श्रीलंका ने अमेरिकी ...

दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अपनी तटस्थ नीति पर कायम है और किसी भी पक्ष के लिए सैन्य आधार नहीं बनेगा।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उसी दिन ईरान ने भी अपने तीन युद्धपोतों को श्रीलंका आने की अनुमति मांगी थी। उन्होंने कहा, "अगर हम ईरान को अनुमति देते, तो हमें अमेरिका को भी देनी पड़ती। इसलिए हमने दोनों को ही मना किया और तटस्थ रुख बनाए रखा।"

इस बीच, 4 मार्च को श्रीलंका के तट के पास अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज IRIS देना डूब गया, जिसमें 84 नाविकों की मौत हुई। श्रीलंका की नौसेना ने 32 लोगों को बचाया।

राष्ट्रपति ने बताया कि बाद में एक अन्य ईरानी जहाज IRIS बुशहर को मानवीय आधार पर श्रीलंका में प्रवेश दिया गया, ताकि उसके 200 से ज्यादा नाविकों की जान बचाई जा सके।

तबरीज में गुरुवार शाम एक चेकपोस्ट पर हुए हमले में बसीज के 13 सदस्य मारे गए और 18 लोग घायल हो गए। यह जानकारी पूर्वी अजरबैजान प्रांत में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दी।

अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला शहर के करामालेक इलाके में हुआ। उन्होंने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर है।

बसीज फोर्स ईरान की एक अर्धसैनिक (पैरामिलिट्री) संगठन है, जो देश की ताकतवर सेना रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (IRGC) के तहत काम करता है।

### ब्रिटेन के न्यूक्लियर ...

फिलहाल इस मामले में जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि दोनों किस मकसद से इस संवेदनशील सैन्य ठिकाने में घुसना चाहते थे। अधिकारियों ने कहा है कि सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उसी दिन ईरान ने भी अपने तीन युद्धपोतों को श्रीलंका आने की अनुमति मांगी थी। उन्होंने कहा, "अगर हम ईरान को अनुमति देते, तो हमें अमेरिका को भी देनी पड़ती। इसलिए हमने दोनों को ही मना किया और तटस्थ रुख बनाए रखा।"

इस बीच, 4 मार्च को श्रीलंका के तट के पास अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज IRIS देना डूब गया, जिसमें 84 नाविकों की मौत हुई। श्रीलंका की नौसेना ने 32 लोगों को बचाया।

राष्ट्रपति ने बताया कि बाद में एक अन्य ईरानी जहाज IRIS बुशहर को मानवीय आधार पर श्रीलंका में प्रवेश दिया गया, ताकि उसके 200 से ज्यादा नाविकों की जान बचाई जा सके।

### चेक गणराज्य में ...

एल्बिट सिस्टम्स इजराइल की एक प्रमुख रक्षा कंपनी है, जो जमीन और हवा में इस्तेमाल होने वाले हथियार बनाती है और इजराइली सेना को सप्लाई करती है।

### ममता का ऐलान ...

पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए NDA में सीट शेयरिंग तय हो गई है। भाजपा 10, ऑल इंडिया एन आर कॉन्ग्रेस (AINRC) 16, AIADMK और LJK 2-2 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में सिंगल फेज में 9 अप्रैल को वोटिंग होगी। 4 मई को रिजल्ट आएगा।

भाजपा ने कहा कि इस फॉर्मूले के साथ पुदुचेरी में एनडीए सरकार की वापसी तय है। विपक्ष में पुडुचेरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने डीएमके के साथ गठबंधन और सीट शेयरिंग के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। 2021 के चुनाव में AINRC को 10 सीटें मिली थीं। DMK को 6 सीटें मिलीं। BJP और कांग्रेस को 6-6 सीटें मिली थीं। मतदान 84.8% रहा था।

### लिपुलेख दर्रे से 6 ...

अब तक यह 'वस्तु विनिमय' आधारित यानी सामान के बदले सामान का लेन-देने होता था।

ब्रिटिश काल में भी लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। तिब्बत से व्यापारी नमक, बोराक्स, पशु उत्पाद, जड़ी-बूटियां और स्थानीय सामान बेचने आते हैं, जबकि भारतीय व्यापारी बकरी, भेड़, अनाज, मसाले, गुड़, मिश्री, गेहूं वहां ले जाते हैं।

भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपए का आयात और 39 लाख रुपए का निर्यात हुआ था। साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपए का आयात और 96.5 लाख रुपए का निर्यात हुआ था। लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया था। हिमालय के तीन दर्रों से शुरू होने जा रहा भारत-चीन व्यापार पहली बार पूरी तरह सड़क के जरिए होगा। यहां मनी एक्सचेंज भी खुलेगा। हालांकि नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई थी। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है।

### सरकार ने 300 ...

प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना और 1 अक्टूबर से लागू किया गया।

इस कानून में कहा गया है कि चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक है। रियल-मनी गेम्स पर रोकः कोई भी मनी बेस्ड गेम ऑफर करना, चलाना, प्रचार करना गैरकानूनी है। ऑनलाइन गेम खेलने वालों को कोई सजा नहीं होगी। सजा और जुर्मानाः अगर कोई रियल-मनी गेम ऑफर करता है या उसका प्रचार करता है, तो उसे 3 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विज्ञापन चलाने वालों को 2 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

### यूपी-बिहार से पकड़े ...

जौनपुर के काजीपुर स्थित सराय मोहद्दीन जामदारा शाहगंज का रहने वाला दुर्गेश भी पकड़ा गया है। इनके साथ मेरठ, गाजियाबाद और कौशांबी के पांच नाबालिग भी टीम ने गिरफ्तार किए हैं। ये सभी आरोपी पाकिस्तानी व्यक्ति सरदार उर्फ सरफराज उर्फ जोगा सिंह के सीधे संपर्क में थे। वे संदेश ऐप के जरिए उससे लगातार जुड़े हुए थे। एसआईटी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार दो मुख्य आरोपी अभी भी वांछित हैं। इनमें बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी नौशाद अली शामिल है। दूसरा मुख्य आरोपी भागलपुर का रहने वाला समीर उर्फ शूटर है। पुलिस इन दोनों की तलाश में लगातार जुटी हुई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### यूपी के 25 जिलों ...

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदल गया है। अगले 2 दिन मौसम ऐसे ही बिगड़ा रहेगा। 40 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, आज से अफगानिस्तान के पास एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसका असर यूपी तक दिख रहा है। पश्चिमी यूपी से शुरू हुआ बारिश का दौर पूर्वी यूपी तक पहुंच गया है। आज और कल इसका असर सबसे ज्यादा देखने को मिलेगा। बारिश से अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

### एअर इंडिया ने गलत ...

घटना की जानकारी शुक्रवार को सामने आई है।

एविएशन नियमों के तहत अलग-अलग देशों में विदेशी एयरलाइंस को अपने देश में संचालन की अनुमति देने के नियम अलग होते हैं। कुछ देश एयरला-इन के आधार पर अनुमति देते हैं, कुछ विमान (फ्लीट) के आधार पर, जबकि कुछ किसी खास विमान के लिए अलग मंजूरी देते हैं। एअर इंडिया के मामले में कनाडा ने केवल बोइंग 777-300 ER विमान को उड़ाने की इजाजत दी है, जबकि गुरुवार को एयरलाइन ने इस रूट पर बोइंग 777-200LR तैनात कर दिया जिसे कनाडा में ऑपरेट करने की अनुमति नहीं है।

# बांग्लादेशी खिलाड़ियों के खेलने पर सस्पेंस

## बीसीबी बोला-सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही पाकिस्तान जाएंगे प्लेयर्स, सुरक्षा कारणों से फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी अब सरकार की मंजूरी पर निर्भर करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए यह फैसला लिया है। पहले बोर्ड ने 6 खिलाड़ियों को NOC दिया था। इनमें मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन एमोन (लाहौर कलंदर्स), शोरीफुल इस्लाम, नाहिद राणा, तंजीद हसन तमीम और रिशाद हुसैन (पेशावर जाल्मी) शामिल हैं। PSL 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाना है, लेकिन अब खिलाड़ियों के पाकिस्तान जाने से पहले सरकार से अनुमति ली जाएगी। नजमुल आबेदीन ने आगे कहा कि बोर्ड के लिए वहां की जमीनी हकीकत को समझना मुमकिन नहीं है। यह काम सरकार का है। उन्होंने कहा,'सरकार को वहां की सुरक्षा स्थिति के बारे में बेहतर जानकारी होगी। अगर सरकार हमें हरी झंडी देती है और कहती है कि यात्रा करना सुरक्षित है, तभी खिलाड़ी वहां जाएंगे। सैद्धांतिक रूप से




हमने एनओसी देने का फैसला किया है, लेकिन सब कुछ उस समय के हालात पर निर्भर करेगा।' BCB ने खिलाड़ियों को आंशिक NOC जारी किया है ताकि वे न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रहें। बांग्लादेश इस समय ICC वनडे रैंकिंग में नौवें नंबर पर है और अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कोशिश में है। पाकिस्तान को 2-1 से हराने के बाद बांग्लादेश की नजरें अब न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी रैंकिंग सुधारने पर हैं।

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बनी वजह

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के क्रिकेट ऑपरेशंस चेयरमैन नजमुल आबेदीन ने कहा कि मौजूदा हालात सामान्य नहीं हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव की वजह से खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर रिस्क है। उन्होंने बताया,'आम तौर पर हमें सरकार से पूछने की जरूरत नहीं पड़ती। हम एनओसी देते हैं, खिलाड़ी जाकर खेलते हैं और वापस आ जाते हैं। लेकिन अभी स्थिति अलग है, इसलिए हम सरकार से चर्चा करेंगे।'

### वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन को देखते हुए आंशिक एनओसी

BCB ने खिलाड़ियों को आंशिक NOC जारी किया है ताकि वे न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रहें। बांग्लादेश इस समय ICC वनडे रैंकिंग में नौवें नंबर पर है और अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कोशिश में है। पाकिस्तान को 2-1 से हराने के बाद बांग्लादेश की नजरें अब न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी रैंकिंग सुधारने पर हैं।




■ बांग्लादेश ने पाकिस्तान को घरेलू तीन वनडे मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया।

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए कैंप मिस करेंगे खिलाड़ी

अगर सरकार से मंजूरी मिल जाती है, तो PSLखेलने वाले 6 खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के तैयारी कैंप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। न्यूजीलैंड की टीम 13 अप्रैल को बांग्लादेश दौरे पर आ रही है, जहां उसे 3 वनडे और 3 टी-20 मैच खेलने हैं। वनडे सीरीज 17 अप्रैल से शुरू होगी, जबकि टी-20 सीरीज 27 अप्रैल से 2 मई के बीच खेली जाएगी।

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

## 5 टी-20 की सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई

**ऑकलैंड, एजेंसी**

न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के तीसरे मैच को 8 विकेट से जीत लिया है। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त भी बना ली है। चौथा मैच चौथा मैच 22 मार्च को वेलिंग्टन में खेला जाएगा। ऑकलैंड के इडेन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन बनाए। 137 रन का टारगेट न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर हासिल कर लिया। टॉम लैथम 63 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं, लॉकी फर्ग्यूसन ने अपने कोटे के चार ओवर में 9 रन देकर एक विकेट लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले के 6



ओवर में 41 रन बनाने में टॉप-3 बैटर्स के विकेट गंवा दिए थे। टॉनी डी जॉर्जी 15, वियान मुल्डर जीरो और कॉनर एस्टरहुइजन ने 15 रन बनाए। शुरुआती 6 ओवर में खराब शुरुआत के बाद साउथ अफ्रीका की टीम नियमित अंतराल में विकेट गंवाती रही। टीम का कोई भी बल्लेबाज फिफ्टी नहीं लगा सका। यहां तक कि एक भी बैटर 30 रन का आंकड़ा हासिल नहीं कर सका। अफ्रीका की ओर से 10वें नंबर के बल्लेबाज नकोबानी मोकोएना ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। काइल जैमिसन, मिचेल सैंटनर और बेन सीयर्स ने 2-2 विकेट झटके।

# आईपीएल में पहली बार सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय

## कमिंस बाहर तो ईशान ने कमान संभाली, 6 कैप्टन पहली ट्रॉफी जीतने की दौड़ में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL के 19 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय होंगे। सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस के शुरुआती मैचों से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह ईशान किशन को कप्तानी सौंपी है। इसके साथ ही टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों में सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथ में होगी। पिछले सीजन में भी हैदराबाद के पैट कमिंस को छोड़कर बाकी सभी टीमों के कप्तान भारतीय ही थे। ईशान किशन पहली बार IPL में कप्तानी करते नजर आएंगे। मौजूदा 10 कप्तानों में 6 ऐसे हैं, जो अपनी पहली ट्रॉफी की तलाश




में हैं। इनमें ऋतुराज गायकवाड़, रियान पराग, शुभमन गिल, अजिंक्य रहाणे, ईशान किशन और ऋषभ पंत शामिल हैं। वहीं, बाकी 4 कप्तान पहले ही खिताब जीत चुके हैं। श्रेयस अय्यर ने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को चैंपियन बनाया था, रजत पाटीदार ने 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को खिताब दिलाया, जबकि हार्दिक पांड्या ने 2022 में गुजरात टाइटंस को ट्रॉफी जिताई थी। श्रेयस अय्यर इकौलते कप्तान जो तीन फ्रेंचाइजियों को फाइनल तक पहुंचाया श्रेयस अय्यर IPL इतिहास के इकलौते कप्तान हैं, जिन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजियों को फाइनल तक पहुंचाया है। उन्होंने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम को मुंबई इंडियंस से हार मिली थी। इसके बाद 2024 में उन्होंने KKR को चैंपियन बनाया और 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम RCB से हार गई। IPL इतिहास में सबसे सफल कप्तानों की बात करें तो महेंद्र सिंह धोनी (CSK) और रोहित शर्मा (MI) शीर्ष पर हैं। दोनों ने अपनी-अपनी टीमों को 5-5 बार चैंपियन बनाया है।

## 20 इंडियन प्लेयर्स शॉर्टलिस्ट, मैच के दौरान परफॉर्मेंस-फिटनेस ट्रैक की जाएगी

# आईपीएल पर टिकी वर्ल्ड कप चयनकर्ताओं की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

28 मार्च से शुरू हो रहा IPL भारतीय खिलाड़ियों के लिए खास रहने वाला है। टी–20 फॉर्मेट में खेली जानी वाली इस लीग से टीम इंडिया की वनडे वनडे वर्ल्ड कप 2027 की टीम तय होगी। न्यूज एजेंसी PTI ने BCCI सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की सिलेक्शन कमेटी ने 20 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिनके प्रदर्शन पर इस IPL के दौरान खास नजर रखी जाएगी। अजित अगरकर की अगुवाई वाली समिति का फोकस इन खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर रहेगा। इतना ही नहीं, पंजाब मुल्लांपुर में 6 से



10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच में भी टीम इंडिया अपनी फुल-स्ट्रेंथ के साथ उतरेगा। सारे सीनियर खिलाड़ी इसमें खेलेंगे। चयनकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारत अपनी फुल-स्ट्रेंथ टीम उतारेगा। हालांकि इस मैच में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलेंगे, फिर भी टीम मैनेजमेंट इसे हल्के में नहीं ले रहा है। अगस्त से मार्च के बीच भारत को 9 टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में सभी रेड-बॉल खिलाड़ी इस मुकाबले में उपलब्ध रहेंगे। यह भी तय माना जा रहा है कि बुमराह और सिराज, अगर IPL के दौरान फिट रहते हैं, तो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा होंगे। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर मुंबई में रहेंगे, जबकि एसएस दास कोलकाता से मैच देखेंगे। वहीं आरपी सिंह और अजय रात्रा NCR क्षेत्र में मौजूद रहेंगे, जबकि प्रज्ञान ओझा बेंगलुरु और हैदराबाद में मुकाबलों पर नजर रखेंगे।

### स्टेडियम जाकर मैच देखेंगे सिलेक्टर्स

■ BCCI ने सिलेक्टर्स को मैच देखने की जिम्मेदारी बांट दी गई है। हर चयनकर्ता हफ्ते में कम से कम एक IPL मैच स्टेडियम में जाकर देखेगा, ताकि हर सप्ताह शॉर्टलिस्ट प्लेयर्स की पांच मैचों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार हो सके।

■ इसके अलावा बाकी मैचों को टीवी के जरिए ट्रैक किया जाएगा। इस बार चयनकर्ता नए उभरते खिलाड़ियों के बजाय पहले से तय वनडे कोर ग्रुप के प्लेयर्स पर ही ध्यान देंगे।



### अफगान टीम के खिलाफ टेस्ट में सीनियर टीम उतारेगा भारत

अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारत अपनी फुल-स्ट्रेंथ टीम उतारेगा। हालांकि इस मैच में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलेंगे, फिर भी टीम मैनेजमेंट इसे हल्के में नहीं ले रहा है।

अगस्त से मार्च के बीच भारत को 9 टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में सभी रेड-बॉल खिलाड़ी इस मुकाबले में उपलब्ध रहेंगे।

यह भी तय माना जा रहा है कि बुमराह और सिराज, अगर IPL के दौरान फिट रहते हैं, तो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा होंगे।

## मनोरंजन

# रश्मिका मंदाना को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

## शादी के बाद पहली बार स्टेज पर दिखीं एक्ट्रेस, बोलीं- पहले काम का मजाक उड़ाया

■ एक्टर राम चरण ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में रश्मिका को यह ट्रॉफी सौंपी।

■ इस मौके पर वे अपनी सास माधवी देवरकोंडा के साथ नजर आईं।

**मुबंई, एजेंसी**

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने 'तेलंगाना गदर फिल्म अवॉर्ड्स 2025' में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड अपने नाम किया है। 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद यह रश्मिका का पहला बड़ा पब्लिक अपीयरेंस था। इस मौके पर वे अपनी सास माधवी देवरकोंडा के साथ नजर आईं। अवॉर्ड समारोह का आयोजन 19 मार्च को 'उगादि' के



मौके पर किया गया, जिसमें तेलुगु सिनेमा के कई बड़े सेलेब्स ने शिरकत की। स्टेज पर अवॉर्ड लेते समय रश्मिका काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच में संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा, शुरुआत में लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस को काफी ट्रोल किया था।

### फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के लिए मिला सम्मान

रश्मिका मंदाना को उनकी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' में 'भूमा देवी' के किरदार के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। एक्टर राम चरण ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में रश्मिका को यह ट्रॉफी सौंपी। शादी के बाद यह रश्मिका का पहला बड़ा अवॉर्ड है।

### साड़ी और सिंदूर के साथ मंच पर दिखीं रश्मिका

स्टेज पर अवॉर्ड लेते समय रश्मिका काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच में संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा, शुरुआत में लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस को काफी ट्रोल किया था, लेकिन आज उसी काम के लिए राज्य ने मुझे यह अवॉर्ड दिया है। मैंने यहां तक पहुंचने के लिए एक लंबा सफर तय किया है।

**"** रेड कार्पेट पर रश्मिका अपनी सास माधवी देवरकोंडा के साथ पहुंची थीं। लुक की बात करें तो रश्मिका आइवरी कलर की सिल्क साड़ी पहनी थी। उन्होंने मांग में सिंदूर, गले में गोल्ड मंगलसूत्र और बालों में गजरा लगाकर अपना ट्रेडिशनल लुक पूरा किया था। समारोह में फिल्म 'थंडेल' के लिए नागा चैतन्य को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। लिए दिग्गज अभिनेता कमल हासन को 'पैडी जयराज फिल्म अवॉर्ड' से नवाजा गया।



# धुरंधर 2 ने तोड़ा शाहरुख की जवान का रिकॉर्ड

## पहले दिन ₹97 करोड़ कमाए, पेड प्रीव्यू सहित कुल कलेक्शन ₹144 करोड़ पहुंचा

**मुबंई, एजेंसी**

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' यानी 'धुरंधर 2' ने 'जवान' का रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। ट्रेड एनालिस्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 97 करोड़ रुपए से अधिक का बिजनेस किया। इससे पहले 2023 में आई 'जवान' ने पहले दिन 75 करोड़ रुपए कमाए थे। 'धुरंधर 2' ने पेड प्रीव्यू में 47 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। पेड प्रीव्यू और ओपनिंग डे को मिलाकर फिल्म की कुल कमाई 144 करोड़ रुपए पहुंच गई। ट्रेड पोर्टल सैकनिल्क के अनुसार, पहले वीकेंड के लिए 200 करोड़ रुपए की एडवांस बुकिंग दर्ज की गई है। आम तौर पर 40-50% सीटें एडवांस बुक होती हैं। ऐसे में अनुमान है कि गुरुवार से रविवार तक फिल्म का बिजनेस 500 करोड़ रुपए के पार जा सकता है। 'धुरंधरः द रिवेंज' की अवधि 3 घंटे 49



मिनट है, जो इसे 21वीं सदी की दूसरी सबसे लंबी बॉलीवुड फिल्म बनाती है। इससे पहले 2003 में आई जेपी दत्ता की 'एलओसी कारगिल' 4 घंटे 15 मिनट के साथ सबसे लंबी फिल्म है। फिल्म का इंटरनेशनल वर्जन 3 घंटे 55 मिनट का है। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन हैं।

# फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की मां का निधन

## अंतिम संस्कार में करण जौहर और विजय वर्मा समेत कई सेलेब्स पहुंचे

■ करण जौहर और सोनाली बेंद्रे मनीष मल्होत्रा के घर पहुंचे और परिवार को सात्वना दी।

■ वरुण धवन पत्नी नताशा के साथ मनीष मल्होत्रा के घर पहुंचे और दुख व्यक्त किया।

**मुबंई, एजेंसी**

फेमस फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की मां गरिमा मल्होत्रा का गुरुवार को निधन हो गया। वह 94 साल की थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह मुंबई के सांताक्रूज वेस्ट स्थित श्मशान घाट में हुआ। मनीष की मां को अंतिम विदाई देने के लिए करण जौहर, विजय वर्मा, रोनित राय समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स पहुंचे। इससे पहले मनीष मल्होत्रा की मां के निधन की खबर सामने आने के बाद



गुरुवार को करण जौहर, करिश्मा कपूर, ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन, रवीना टंडन, वरुण धवन और कियारा आडवाणी समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स संवेदना व्यक्त करने मनीष मल्होत्रा के घर पहुंचे थे। वहीं, अपने एक पुराने मदर्स डे पोस्ट में मनीष ने अपनी मां को अपनी ताकत, प्रेरणा और साथी बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी मां ने बचपन में कपड़ों और सिनेमा के प्रति उनके शौक को बढ़ावा दिया था।

## फिल्म हर भारतीय को गर्व महसूस कराएगी, रणवीर सिंह-आर माधवन की परफॉर्मेंस को सराहा

# अल्लू अर्जुन ने 'धुरंधर 2' की तारीफ की

**मुबंई, एजेंसी**


साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन ने फिल्म धुरंधर 2 देखने के बाद इसकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय को गर्व महसूस कराएगी। उन्होंने रणवीर सिंह और आर माधवन समेत फिल्म की पूरी स्टार कास्ट की परफॉर्मेंस की भी सराहना की। अल्लू अर्जुन ने ट्वीट करते हुए फिल्म को लेकर लिखा, 'अभी-अभी धुरंधर 2 देखी-देशभक्ति के साथ जबरदस्त स्वैग है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हर देशभक्त को गर्व महसूस कराएगी। कई ऐसे पल हैं, जहां आप तालियां बजाने से खुद को रोक नहीं पाएंगे। पूरी तरह धमाका! पूरी टीम को बधाई।' उन्होंने आगे लिखा, 'आर माधवन और सभी कलाकारों का शानदार प्रदर्शन है। टेक्निकल लेवल पर भी फिल्म कमाल की है। मुझे गर्व है कि हमारे देश में मेरे भाई रणवीर सिंह जैसे बेहतरीन और बहुमुखी अभिनेता हैं। रणवीर सिंह फायर हैं। आदित्य धर ने कमाल कर दिया, वे पूरी तरह छा गए। हमारे देश में उनके जैसे



शानदार फिल्ममेकर्स होना गर्व की बात है। एक भारतीय कहानी इंटरनेशनल स्वैग के साथ! जय हिंद।' प्रोड्यूसर कमल जैन ने भी फिल्म की जमकर तारीफ की। उनका कहना है कि यह फिल्म सिर्फ एंटरटेन नहीं करती, बल्कि दर्शकों को पूरी तरह इंगेज करती है और तयशुदा पैटर्न को तोड़ती है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी कोई फिल्म शोर से अलग निकलकर गहरा सांस्कृतिक असर छोड़ती है। 'दीवार', 'भाग मिल्खा भाग', 'विक्की डोनर', 'एमएस धोनी' और 'संजू' जैसी फिल्मों ने ऐसा ही प्रभाव डाला था। धुरंधर भी उसी लीग की फिल्म है, लेकिन आज के डिजिटल दौर में इसका इम्पैक्ट और ज्यादा बड़ा हो गया है। क्रिएटर्स पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म की सबसे बड़ी ताकत मेकर्स की क्लैरिटी और कन्विक्शन है। आदित्य की शार्प राइटिंग, डायरेक्शन, म्यूजिक और कलाकारों की दमदार परफॉर्मेंस कहानी को गहराई देती है। वहीं ज्योति देशपांडे की मजबूत बिजनेस समझ और डिस्ट्रीब्यूशन स्ट्रैटेजी ने इसे सिर्फ फिल्म नहीं।

### आर माधवन ने आभार जताया

वहीं, अल्लू अर्जुन को धन्यवाद देते हुए आर माधवन ने ट्वीट के रिप्लाई में लिखा, 'मैं बेहद विनम्र, भावुक और बहुत ज्यादा प्रेरित महसूस कर रहा हूं। आपकी तरफ से ये सुनना मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मेरे प्यारे भाई।' आगे उन्होंने लिखा, 'मैंने आपकी सभी फिल्में आपकी काबिलियत के प्रति गहरे सम्मान और हैरानी के साथ देखी हैं और यह जानकर बहुत शानदार महसूस हो रहा है कि यह भावना दोनों तरफ से है। भगवान आपका भला करे। मेरे करियर और जिंदगी के इस अहम मोड़ पर यह पहला ऑनलाइन रिव्यू मेरे लिए बेहद खास है।'



**"** बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन हैं। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म को जियो स्टूडियोज ने प्रेजेंट किया है और यह बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है।


## हमले का वीडियो जारी किया, नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- अभी मैं जिंदा हूं

# अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट को नुकसान पहुंचाया : ईरान

**हमला**

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

जंग के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा है कि उसने अमेरिकी F-35 फाइटर जेट पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया। IRGC ने इस हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जेट को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्वीकार किया कि एक F-35 जेट को ईरान के ऊपर मिशन के दौरान इमरजेंसी



लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को मिडिल-ईस्ट के किसी देश में उतारा गया है। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स के मुताबिक, विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है और पायलट सुरक्षित है। घटना की जांच जारी है। हालांकि अमेरिका ने सीधे तौर पर ईरानी हमले की पुष्टि नहीं की है।



### ऑस्ट्रेलिया गैस एक्सपोर्ट पर टैक्स लगाएगा

ऑस्ट्रेलिया की सरकार गैस निर्यात पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ने से देश में ईंधन महंगा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के कार्यालय का कहना है कि ऊर्जा कंपनियों को ऊंची वैश्विक कीमतों का फायदा उठाकर घरेलू उपभोक्ताओं को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई ग्रीन्स पार्टी की नेता लरिसा वॉटर्स ने भी सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि वे गैस निर्यात पर कम से कम 25% टैक्स लगाने वाले कानून का समर्थन करेंगे।

### तेहरान में जोरदार धमाके, एयर डिफेंस ने ड्रोन मार गिराया

तेहरान में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं, जब एयर डिफेंस सिस्टम ने अमेरिका और इजराइल के ड्रोन को निशाना बनाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। रिपोर्ट्स के अनुसार, शहर के कई हिस्सों में धमाकों की आवाजें गूंजीं। बताया जा रहा है कि ये कार्रवाई आने वाले ड्रोन हमलों को रोकने के लिए की गई, हालांकि नुकसान या हताहतों की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

### उत्तरी इजराइल में वॉर्निंग सायरन बजे, ईरानी हमलों का अलर्ट

स्थानीय मीडिया के अनुसार, ईरान की ओर से किए गए मिसाइल हमलों के कारण उत्तरी इज़राइल में एयर रेड सायरन बजने लगे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने फिर से ईरान से आने वाली मिसाइलों का पता लगाया है, जानकारी के अनुसार, ऐसे हमलों के दौरान सायरन बजाकर लोगों को तुरंत सुरक्षित जगहों (शेल्टर) में जाने की चेतावनी दी गई है।

> “रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार हो सकता है जब इस जंग के दौरान ईरान ने किसी अमेरिकी सैन्य विमान को निशाना बनाया हो। I-35 दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिना जाता है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से अधिक होती है। उधर, इजराइली पीएम नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि अभी मैं जिंदा हूं और ये जंग हम जीत रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमने 20 दिनों के युद्ध में सफलता हासिल की है।”

## ऑटो पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग

### 50 लोग घायल, कई के फंसे होने की आशंका



**सियोल, एजेंसी**

दक्षिण कोरिया की एक ऑटो पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार को आग लग गई है, जिसकी चपेट में आकर कम से कम 50 लोग घायल हो गए हैं। घटना दक्षिण कोरिया के शहर देयजियोन में घटी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया की नेशनल फायर एजेंसी के अनुसार, घायलों में 35 लोगों की हालत गंभीर है। घटनास्थल से सामने आए वीडियो में फैक्ट्री परिसर से घना काला धुआं उठता दिखाई दिया। अभी यह साफ नहीं है कि फैक्ट्री के अंदर कितने कर्मचारी फंसे हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने आशंका जताई है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। आग लगने की सूचना दोपहर में मिली थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग पर काबू पाने के लिए 200 से अधिक दमकलकर्मियों और 70 से ज्यादा वाहनों को तैनात किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री किम मिन-सोक हालात पर नजर बनाए हुए हैं और उन्होंने आग पर काबू पाने और राहत-बचाव कार्यों के लिए सभी संसाधनों और कर्मियों की पूर्ण तैनाती के निर्देश दिए हैं।

**फास्ट न्यूज**

### कनाडा में फर्जी पंजाबी युवक अरेस्ट

जालंधर। कनाडा में एक युवक के फर्जी पंजाबी नाम से लेडी डॉक्टरों के साथ अश्लील हरकतें करने के मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस युवक को दिसंबर महीने में अरेस्ट किया था। मगर, वह सुर्खियों में तब आया, जब उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रोल किया जाने लगा। कनाडा की पील रीजनल पुलिस के मुताबिक आरोपी प्राइवेट पार्ट में बीमारी के बहाने अस्पताल में जाता।

### सेंसेक्स 326 अंक चढ़कर 74,533 पर बंद हुआ

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 20 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स 325 अंक (0.44%) चढ़कर 74,532 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 112 अंक (0.49%) की तेजी रही, यह 23,114 पर पहुंच गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा खरीदारी रही। पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच तेल की कीमतों में आई कमी से ग्लोबल मार्केट को राहत मिली है। ब्रेंट क्रूड अब 107 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। भारतीय शेयर बाजार में जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट देखने के एक दिन बाद 'वैल्यू बाइंग' यानी निचले स्तरों पर खरीदारी देखी जा रही है।

### सोना ₹549 सस्ता, ₹1.47 लाख पर आया

नई दिल्ली। सोने की कीमत में आज 20 मार्च को मामूली गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 549 रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 3,727 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2.30 लाख रुपए किलो थी। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 8 दिन में 12,963 और चांदी 34,701 सस्ती हुई है।

## जोमैटो से खाना मंगवाना हुआ महंगा

### हर ऑर्डर पर ₹12.50 के बजाय अब ₹14.90 देने होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से खाना ऑर्डर करना अब महंगा हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार से ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म फीस में 19% बढ़ोतरी की है। यूजर्स को हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय अब 14.90 यानी 2.40 ज्यादा प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। GST जोड़ने के बाद यह राशि और बढ़ जाएगी। प्लेटफॉर्म फीस हर एक फूड ऑर्डर पर लागू होने वाला ऐडिशनल चार्ज हैं। ये GST, रेस्तरां चार्ज और डिलीवरी फीस से अलग है। बता दें कि जोमैटो प्लेटफॉर्म रोजाना 20 से 25 लाख ऑर्डर डिलीवर करता है। जोमैटो की मुख्य प्रतिद्वंदी कंपनी स्विगी अभी टैक्स समेत लगभग 14.99 प्लेटफॉर्म फीस वसूल रही है। आमतौर पर देखा गया है कि जब भी इन दोनों में से कोई एक कंपनी फीस



बढ़ाती है, तो दूसरी कंपनी भी जल्द ही अपने दाम बढ़ा देती है। कंपनी ने 7 महीने में दूसरी बार प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाई है। इससे पहले सितंबर-2025 में 20% का इजाफा किया गया था। अगस्त 2023 में जोमैटो ने अपना मार्जिन बढ़ाने और प्रॉफिटेबल बनने के लिए पहली बार 2 रुपए का प्लेटफॉर्म शुल्क शुरू किया था। कंपनी ने बाद में इसे बढ़ाकर 3 रुपए कर दिया और 1 जनवरी 2024 को 4 रुपए कर दिया। फिर इसे धीरे-धारी बढ़ाकर 7 रुपए कर दिया था।

# मिडिल ईस्ट की तरफ बढ़ रहे 3 अमेरिकी वॉरशिप

### इन पर 2200 सैनिक मौजूद, दावा- खार्ग आइलैंड पर कब्जा करने का प्लान

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में अमेरिका अपनी सैन्य मौजूदगी तेजी से बढ़ा रहा है। CNN के मुताबिक सैटेलाइट इमेज से पता चला है कि 3 अमेरिकी वॉरशिप के साथ मरीन सैनिक मिडिल ईस्ट भेजे जा रहे हैं। इनमें USS त्रिपोली, USS सैन डिएगो, USS न्यू ऑरलियंस शामिल हैं। इन पर करीब 2200 सैनिक तैनात हैं। ये सभी सैनिक 31st मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट (MEU) का हिस्सा हैं, जिसे तुरंत एक्शन के लिए तैयार रखा जाता है। इनमें से USS त्रिपोली एक एम्फीबियस असॉल्ट शिप है, यानी ऐसा युद्धपोत जो मरीन सैनिकों, हेलीकॉप्टर और लड़ाकू विमानों (जैसे F-35B) को लेकर चलता है। ये तीनों वॉरशिप जापान के पास थे। अभी यह भारत के पास दक्षिणी हिंद महासागर में है। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक




ट्रम्प सरकार ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसे घेरने (ब्लॉकेड) की योजना पर विचार कर रही है। कुछ अमेरिकी अधिकारियों का यह भी कहना है कि USS त्रिपोली पर मौजूद मरीन सैनिकों का इस्तेमाल ईरान के दक्षिणी तट के पास स्थित द्वीपों पर कब्जा करने के लिए किया जा सकता है। इन द्वीपों को आगे रणनीतिक ठिकाने या दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, खार्ग द्वीप ईरान के तट से करीब 15 मील दूर है और यहीं से उसके करीब 90 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात होता है। इसलिए अगर अमेरिका इस द्वीप को अपने नियंत्रण में लेता है या वहां नाकाबंदी करता है, तो वह ईरान पर होर्मुज को खोलने का दबाव बना सकता है।

### पहली वजह- होर्मुज को फिर से खोलना

दुनिया के करीब 20% तेल और गैस की सप्लाई इसी रास्ते से होती है। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने यहां जहाजों की आवाजाही लगभग रोक दी है, जिससे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। पिछले कुछ दिनों में ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों से भी होर्मुज में युद्धपोत भेजने को कहा, लेकिन किसी भी देश ने उनका समर्थन नहीं किया।

ऐसे में USS त्रिपोली और बाकी वॉरशिप पर मौजूद अमेरिकी मरीन उनके लिए सबसे अहम विकल्प बन सकते हैं। अगर अमेरिका इस अहम समुद्री रास्ते को सुरक्षित करना चाहता है, तो उसे ईरान के तटीय इलाकों में सैनिक उतारने पड़ सकते हैं। ईरान की नौसेना को काफी नुकसान हो चुका है, इसलिए यह विकल्प अमेरिका के लिए संभव और कम जोखिम वाला माना जा रहा है। ताकि ईरान द्वारा व्यापारिक जहाजों पर संभावित हमलों को रोका जा सके।



### अगले सप्ताह नए स्टेज में पहुंच सकता है ईरान जंग

अमेरिका की तैयारियों से लग रहा है कि ईरान जंग अगले हफ्ते नए स्टेज में पहुंच सकता है। इससे पहले कई बार ट्रम्प यह कह चुके हैं कि वे मिडिल ईस्ट में सैनिक नहीं भेज रहे हैं। ट्रम्प ने गुरुवार को कहा था, “मैं कहीं भी सैनिक नहीं भेज रहा हूं। अगर भेजता भी, तो आपको नहीं बताता।” ट्रम्प अपने अचानक फैसलों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए उनके बयान से पता नहीं चल रहा कि वे क्या करने वाले हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि ट्रम्प ईरान में कार्रवाई तेज करने के लिए हजारों सैनिक भेजने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

## अफगानिस्तान पर हमला कर इस्लामी दुनिया के निशाने पर आया पाकिस्तान

**काबुल, एजेंसी**

अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर 400 लोगों की जान लेने के चलते पाकिस्तान इस्लामी दुनिया के भी निशाने पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुस्लिम विद्वान संघ ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमले की कड़ी निंदा की है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने यह जानकारी दी है। मुस्लिम विद्वानों ने पाकिस्तानी हमले को इस्लामी सिद्धांतों और अंतरराष्ट्रीय कानून, दोनों का उल्लंघन बताया। टोलो न्यूज के अनुसार, मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए पाकिस्तान और उसके सैन्य नेतृत्व से इस तरह की कार्रवाईयों को तुरंत रोकने की अपील की और साथ ही रिहैब अस्पताल पर हवाई हमले की जांच कराने की भी मांग की। मुस्लिम धर्मगुरुओं के संघ ने जांच के लिए पारदर्शी, स्वतंत्र आयोग का गठन



करने की अपील भी की। इससे पहले पाकिस्तान ने ईद-उल-फितर के चलते मित्र इस्लामी देशों के अनुरोध पर अफगान तालिबान के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन गजब लिल हक को अस्थायी तौर पर रोकने का फैसला किया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार को यह जानकारी दी। तरार ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'आगामी इस्लामी त्योहार ईद-उल-फितर के मद्देनजर, अपनी पहल पर और साथ ही सऊदी अरब साम्राज्य, कतर और तुर्किये जैसे मित्र इस्लामी देशों के अनुरोध पर, इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान की सरकार ने अफगानिस्तान में आतंकवादियों और उनके ठिकानों के खिलाफ ऑपरेशन गजब लिल हक को अस्थायी विराम देने का फैसला किया है।' अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बीते दिनों एक अस्पताल पर हुए पाकिस्तानी हवाई हमले में कम से कम 400 लोग मारे गए और करीब 250 घायल हो गए। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने कहा है कि पाकिस्तानी हवाई हमले में अस्पताल का एक बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सैन्य शासन ने एक बार फिर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया। इसके चलते अस्पताल में इलाज करा रहे नशा पीड़ितों की मौत हो गई और अनेक घायल हो गए। यह हमला अफगान अधिकारियों द्वारा दोनों पक्षों के बीच साझा सीमा पर गोलीबारी की घटना के कुछ घंटों बाद हुआ।

## कतर की मदद से सुरक्षित घर पहुंचा परमिंदर

### युद्ध के बीच हुआ ब्रेन स्ट्रोक, मुश्किल में थी जान

**दोहा, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच खाड़ी देशों में फंसे लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। इसी बीच कतर में एक भारतीय युवक परमिंदर के साथ हुई घटना ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। कतर में फंसे इस युवक को अचानक ब्रेन स्ट्रोक आ गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। पराए देश में जिंदगी और मौत से जूझ रहे परमिंदर को स्थानीय प्रशासन, भारतीय दूतावास और सामुदायिक संगठनों ने मिलकर नई जिंदगी दी। कतर में भारत के राजदूत विपुल ने दूतावास के प्रथम सचिव ईश सिंघल के साथ मिलकर राहत कार्यों का नेतृत्व किया। भारतीय मिशन ने स्थानीय प्रशासन और सामुदायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर परमिंदर को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई। इस दौरान भारतीय समुदाय परोपकारी मंच, पुनर्जनी



और सिंह सेवा समूह कतर जैसे संगठनों ने आगे आकर परमिंदर की देखभाल की। इन संगठनों ने न सिर्फ उसके इलाज का प्रबंध किया बल्कि उसके खाने-पीने और अन्य जरूरी जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा। परमिंदर के इलाज और सुरक्षित वापसी में हमाद मेडिकल कॉर्पोरेशन की अहम भूमिका रही, जहां उसका इलाज किया गया। इसके साथ ही कतार वायुमार्ग ने भी मानवीय आधार पर सहयोग देते हुए उसकी भारत वापसी सुनिश्चित की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने कतर में रह रहे भारतीय समुदाय की देखभाल और संकट के समय सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

> जानकारी के अनुसार, परमिंदर कनाडा की यात्रा पर था, लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उसकी यात्रा बीच में ही रुक गई और वह कतर में फंस गया। इसी दौरान उसे ब्रेन स्ट्रोक आ गया, जिससे हालत बेहद नाजुक हो गए। हालांकि, समय रहते मिली मदद के कारण उसकी जान बचाई जा सकी और बाद में उसे सुरक्षित भारत भेज दिया गया।

### संकट के बीच बढ़ी चिंता

गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर कतर पर भी पड़ रहा है। क्षेत्र में बढ़ते हमलों के चलते कतर के ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाया गया है, जिससे हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। ऐसे माहौल में परमिंदर की सुरक्षित वापसी न केवल राहत की खबर है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मानवीय मूल्यों की भी एक बड़ी मिसाल बनकर सामने आई है।

## बढ़ात : भोपाल में दाम 117 रुपए प्रति लीटर तक हुए, सामान्य पेट्रोल पुरानी कीमत पर ही मिलेगा

# प्रीमियम पेट्रोल ₹2.35 प्रति लीटर तक महंगा हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी 20 मार्च को स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 रुपए पहुंच गई है। सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। भारत पेट्रोलियम यानी BPCL प्रीमियम पेट्रोल को स्पीड नाम से बेचता है। वहीं हिंदुस्तान पेट्रोलियम यानी HPCL इसे पावर और इंडियन ऑइल यानी IOCL XP95 के नाम से इसे बेचता है। ये सामान्य पेट्रोल के मुकाबले करीब 10-12 रुपए महंगा होता है। पेट्रोल की कीमतों में यह बढ़ोतरी कच्चा तेल महंगा होने की वजह से की गई है। ईरान जंग




की वजह से कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गए है। इंडियन बास्केट की कीमत तो 70 डॉलर से बढ़कर 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में इजाफे के पीछे मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और प्रीमियम फ्यूल में मिलाए जाने वाले एडिटिव्स की लागत बढ़ना माना जा रहा है। सामान्य पेट्रोल के मुकाबले यह पहले से ही 5 से 10 रुपए महंगा होता है। अब इस बढ़ोतरी के बाद यह अंतर और बढ़ जाएगा। आम जनता के लिए राहत की बात यह है कि बेस फ्यूल यानी सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नहीं छेड़ा गया है। तेल कंपनियों ने आखिरी बार मार्च 2024 में आम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 2 रुपए की कटौती की थी। प्रीमियम फ्यूल की बिक्री कुल पेट्रोल बिक्री का एक छोटा हिस्सा होती है, इसलिए इस बढ़ोतरी का असर उन लोगों पर ज्यादा पड़ेगा जिनके पास लग्जरी कारें या हाई-परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स बाइक्स हैं।

| कच्चा तेल | 27 फरवरी | 19 मार्च | चेंज |
|---|---|---|---|
| इंडियन बास्केट | 71 | 146 | 106% |
| ओपेक बास्केट | 70 | 135 | 93% |
| ब्रेंट क्रूड | 73 | 113 | 55% |
| WTI क्रूड | 67 | 97 | 45% |

### भारत में कच्चा तेल दोगुना होकर 146 डॉलर पर पहुंचा

*जंग के चलते ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम बढ़ने की वजह से कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ाए हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम आज 109.54 डॉलर प्रति बैरल पर हैं। एक दिन पहले कच्चे तेल का दाम 117.98 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। वहीं भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर पर पहुंच गई हैं। भारत इराक, सऊदी अरब, रूस, UAE से तेल खरीदता हैं।*

### कंपनियों के मार्जिन पर था दबाव: बाजार विशेषज्ञ

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ समय से मार्केटिंग मार्जिन में कमी आने के कारण तेल कंपनियां दबाव में थीं। चूंकि प्रीमियम फ्यूल की कीमतें डी-रेगुलेटेड (बाजार आधारित) कैटेगरी में आती हैं, इसलिए कंपनियां इसकी कीमतों में बदलाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। प्रीमियम फ्यूल सेगमेंट में मार्जिन बेहतर होता है, इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। आने वाले दिनों में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों और मिड-ईस्ट में जारी तनाव पर सबकी नजर रहेगी।



**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96